Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 77 | गुरूवार, 20 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला!

# असम में 10,601 करोड़ रुपये का नया यूरिया प्लांट, बढ़ेगा उत्पादन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने असम के नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कारपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के परिसर में एक नया यूरिया संयंत्र की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। परियोजना की अनुमानित लागत 10,601.40 करोड़ रुपये और क्षमता 12.7 लाख टन वार्षिक उत्पादन की होगी। अधिकतम चार वर्ष में यह कारखाना चालू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिट ने की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस कारखाने से पूर्वोत्तर में यूरिया की उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। यह बिहार, बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं झारखंड समेत पूर्वोत्तर राज्यों में यूरिया की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेगा। उन्होंने बताया कि इस कारखाना के जरिए अतिरिक्त प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर खुलेंगे। इसके साथ ही यूरिया के मामले में देश को आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि संयंत्र की स्थापना प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) का गठन किया गया है। इसमें असम सरकार का सबसे ज्यादा 40 प्रतिशत इक्विटी होगी। बीवीएफसीएल की 11 प्रतिशत, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड का 13 प्रतिशत, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड एवं आयल इंडिया लिमिटेड की 18-18 प्रतिशत होगी।



**प्रस्तावित संयुक्त उद्यम में इक्विटी पैटर्न निम्नानुसार होगा**

- असम सरकार: 40%
- ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल): 11%
- हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल): 13%
- नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल): 18%
- ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल): 18%

## 37 माह में पहली बार दोनों देशों ने छोड़े 175 बंदी; शांति बहाली की उम्मीदें बढ़ीं



**नई दिल्ली।** तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में 10 लाख से ज्यादा लोगों की जान चली गई और करोड़ों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। हालांकि अब जाकर दोनों देशों के नागरिकों के लिए थोड़ी की राहत बात सामने आई है, जिसके तहत दोनों देशों ने युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई और 150 से ज्यादा कैदियों का आदान-प्रदान किया है। रूस और यूक्रेन में तनाव की खबरों के बीच बुधवार को दोनों देशों ने एक बड़े पैमाने पर कैदियों की अदला-बदली की। रिपोर्ट की माने तो इस दौरान कुल 175 कैदियों की अदला-बदली की गई। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच शुरू हुए युद्ध के बाद से पहली बार दोनों देशों के बीच कैदियों का आदान-प्रदान हुआ, जो कि शांति बहाल करने की दिशा में सकारात्मकता की ओर इशारा कर रहा है। वहीं दोनों देशों के बीच हुए 175 कैदियों के आदान-प्रदान पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन सैनिकों, सार्जेंटों और अधिकारियों को वापस ला रहा है, जो विभिन्न सैन्य बलों जैसे सशस्त्र बल, नौसेना, राष्ट्रीय रक्षक, प्रादेशिक रक्षा बलों और सीमा रक्षक सेवा में हमारी स्वतंत्रता के लिए लड़े थे।

## भाजपा-कांग्रेसी करते रहे हंगामा..

**नई दिल्ली।** सदन में भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की। भाजपा व आप पार्षदों के बीच नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। इस दौरान आप पार्षद ऊषा शर्मा के हाथ में चोट भी लग गई। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का बजट बुधवार को हंगामे के बीच पास हो गया। सदन में भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने जमकर हंगामा और नारेबाजी की। भाजपा व आप पार्षदों के बीच नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। इस दौरान आप पार्षद ऊषा शर्मा के हाथ में चोट भी लग गई। वहीं, भाजपा पार्षदों ने बजट की औपचारिकता पूरी करने से रोकने के लिए पूरा प्रयास किया, लेकिन आप पार्षदों ने उन्हें नेता सदन मुकेश गोयल के पास पहुंचने नहीं दिया। इस तरह गोयल ने पार्टी पार्षदों के घेरे में प्रस्ताव पास किए, लेकिन वे बजट भाषण नहीं पढ़ सके। सदन की बैठक शुरू होते ही कांग्रेस पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद भाजपा पार्षद भी हंगामा करने लगे। बजट भाषण व प्रस्तावों की प्रति फाड़ने की आशंका के कारण आप पार्षदों ने मुकेश गोयल को घेरे में ले लिया। इसके बाद भाजपा पार्षदों के हंगामे के कारण गोयल अपनी सीट छोड़कर बेंच लांघते हुए पार्टी पार्षदों की सीटों के बीच जाकर बजट भाषण पढ़ने व प्रस्ताव पास करने की औपचारिकता करने लगे।

## नितिन गडकरी की बड़ी घोषणा, छह महीने में पेट्रोल कारों के दाम पर मिलेंगे इलेक्ट्रिक वाहन



**नई दिल्ली।**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि छह महीने के भीतर देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमतें पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएंगी। 32वें कन्वर्जेंस इंडिया और 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 212 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अगले तीन महीनों में पूरा हो जाएगा। साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार की नीति आयात विकल्प, लागत प्रभावशीलता, प्रदूषण मुक्त और स्वदेशी उत्पादन है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आगे कहा कि भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश को अपने बुनियादी ढांचे क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें बनाकर हम अपनी रसद लागत को कम कर सकते हैं।

## बिहार में खत्म होगी बिजली की टेंशन!

**पटना।**



बिहार में बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में बड़े सुधार के लिए नीतीश सरकार ने मिशन मोड में काम करने का फैसला लिया है। बुधवार को ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बिहार विधानसभा में विभागीय बजट पर हुई चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रखते हुए राज्य में 262 नए पावर सब-स्टेशन का निर्माण की घोषणा की।

उन्होंने सदन में कहा कि बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में व्यापक सुधार लाने को विशेष कार्य योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। मिशन मोड के तहत 41 नए पावर सब-स्टेशन का काम जल्द ही पूरा करा लिया जाएगा, जबकि राज्य में 117 नए पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। 104 नए पावर सब-स्टेशन का निर्माण हेतु स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। सरकार के उत्तर के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सदन में ऊर्जा विभाग के 13,484 करोड़ 35 लाख 17 हजार रुपये का बजट पारित किया। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार के लिए आरडीएसएस (पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र योजना) के तहत 7305 करोड़ खर्च किए जाएंगे। केवल राजधानी पटना में बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए 296 करोड़ खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को निशुल्क बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है।

## कर्नाटक में थाने के अंदर ताश खेलने पर पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने बुधवार को कलबुर्गी जिले के चित्तपुर तालुक में वाडी थाने के अंदर ताश खेलने के आरोप में पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। ताश खेलने का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने के बाद यह कार्रवाई की गई।

निलंबित पुलिस अधिकारियों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक मोहम्मद मिया, हेड कांस्टेबल नागराज, सैबन्ना, इमाम और कांस्टेबल नागभूषण के रूप में हुई है। निलंबन आदेश कलबुर्गी एसपी अड्डुर श्रीनिवासुलु द्वारा जारी किए गए हैं। एसपी ने एसआइ तिरुमलेश को नोटिस जारी कर घटना के बारे में स्पष्टीकरण भी मांगा है। निलंबित पुलिस अधिकारी कथित तौर पर ड्यूटी के दौरान पुलिस स्टेशन की पहली मंजिल पर ताश खेलने के लिए एकत्रित हुए थे।

## ट्रेन में अब इन्हें सबसे पहले मिलेगा लोअर बर्थ, रेलवे ने लिया अहम फैसला

**चक्रधरपुर।**

रेलवे में अब महिलाओं, बुजर्गों और दिव्यांगों यात्रियों के लिए लोहर बर्थ यानी निचली सीट उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था किया है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लोकसभा में प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की इन पहलों को उजागर किया है। जो वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों के लिए लोअर बर्थ की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं। इसके तहत वरिष्ठ नागरिकों,



महिलाओं और गर्भवती महिलाओं के लिए बर्थ, 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को, यदि वे बर्थ के बारे में कोई विशेष चयन नहीं करते हैं, तो स्वचालित रूप से निचली बर्थ आवंटित की जाती है, बशर्ते कि उपलब्धता हो। निचली बर्थ के लिए आरक्षित कोटा होगा, जिसके तहत स्लीपर क्लास में प्रति कोच 6-7 निचली बर्थ, एसी में प्रति कोच 4-5 निचली बर्थ, टू एसी में प्रति कोच 3-4 निचली बर्थ होगा। यह प्रावधान ट्रेनों में कोचों की संख्या के आधार पर लागू किया जाता है, ताकि यात्रियों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

# गाजा में फिर छिड़ी भयंकर लड़ाई

**काहिरा/यरूशलेम।**

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू हमास को छोड़ने के मूड में नहीं हैं, बंधकों को छोड़ने को लेकर फिर से शुरू किए गए हमलों को बढ़ाने को लेकर पीएम ने आदेश दे दिया है। इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसके बलों ने मध्य और दक्षिणी गाजा पट्टी में जमीनी अभियान फिर से शुरू कर दिया है। इससे एक दिन पहले हवाई हमलों के कम से कम 48 फलस्तीनी मारे गए।



इजराइली सेना ने कहा कि उसके अभियान ने नेत्जारिम कॉरिडोर पर इजरायल के नियंत्रण को बढ़ाया, जो गाजा को दो भागों में विभाजित करता है, और यह एक ₹केंद्रित₹ युद्धाभ्यास था जिसका उद्देश्य एन्क्लेव के उत्तर और दक्षिण के बीच एक आंशिक बफर जोन बनाना था। फलस्तीनी उग्रवादी समूह हमास ने कहा कि जमीनी कार्रवाई और नेत्जारिम कॉरिडोर में घुसपैठ दो महीने पुराने युद्धविराम समझौते का नया और खतरनाक उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बुधवार को मध्य गाजा शहर में संयुक्त राष्ट्र की एक साइट पर एक हमले में एक विदेशी कर्मचारी की मौत हो गई और पांच कर्मचारी घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले का श्रेय इजरायल को दिया, लेकिन इजरायल ने इससे इनकार करते हुए कहा कि यह हमास की एक साइट पर हुआ, जहां उसने इजरायली क्षेत्र में गोलीबारी की तैयारी का पता लगाया।

**इजरायली क्षेत्र में गोलीबारी की तैयारी का पता लगाया**

## गोरखपुर में धर्म और अध्यात्म पर अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव आज से

Gorakhpur International Film Festival

**लखनऊ।** गोरखपुर में धर्म और अध्यात्म पर अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव (आइएफएफआरएस) का तीन दिवसीय आयोजन गुरुवार से शुरू होगा। योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में होने वाले फिल्मोत्सव में मानवता और दिव्यता के संबंध दशार्ने वाली फिल्मों का प्रदर्शन होगा। फिल्मोत्सव का उद्घाटन शेड्स ऑफ उत्तर प्रदेश की स्क्रीनिंग से होगा, जिसके बाद वाराणसी-द-सिटी ऑफ निर्वाण का प्रदर्शन होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फिल्म निमार्ता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री होंगे। गोरखपुर के सांसद फिल्म अभिनेता रवि किशन और फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर विशेष प्रस्तुतियों में भाग लेंगे। पहले दिन अघोरी, अमृत मंथन, दशावतार, बुद्ध सर्किट और अनटोल्ड हिस्ट्री-काल भैरव जैसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरे दिन फिल्म निर्देशक, निमार्ता और लेखक विवेक रंजन अग्निहोत्री फिल्म निर्माण पर मास्टर क्लास देंगे। इस दिन नैमिष, महाकुंभ और इंडियाज ग्रैंड फेस्टिवल दुर्गा पूजा, फिल्मों का प्रदर्शन होगा। अंतिम दिन कास्टिंग डायरेक्टर और निमार्ता पराग मेहता अभिनय कला पर मास्टर क्लास देंगे। इस दिन डिस्कवरी वाराणसी, मथुरा वृंदावन, ओवरआल यूपी और यूपी-होम आफ द ताज, फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# अब क्या होगी किसानों की रणनीति, खनौरी और शंभू सीमा हुई खाली

**जालंधर।**

एक साल से शंभू और खनौरी सीमाओं पर जमे किसानों को पंजाब पुलिस ने हटा दिया है। पूरी योजना के साथ पंजाब पुलिस ने बुधवार को शंभू और खनौरी सीमाओं पर विरोध स्थलों को खाली करा दिया और बैरिकेड्स, वाहनों और अस्थायी ढांचों को हटा दिया। इसके साथ ही माना जा रहा है आज से राजमार्ग भी खुल जाएगा। अब किसानों की आगे की रणनीति क्या होगा यह देखना होगा। क्योंकि किसान नेता गुरमनीत सिंह मंगत ने मीडिया को बताया कि सरवण सिंह पंधेर और जगजीत सिंह दल्लेवाल सहित कई किसान नेताओं को मोहाली में उस समय हिरासत में लिया गया है और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को बुधवार देर रात डेढ़ बजे जालंधर के पिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले 13 माह से धरने पर बैठे किसानों को पंजाब की भगवंत मान सरकार ने बड़े सुनियोजित ढंग से हटाते हुए दोनों मोर्चों पर बुलडोजर चलवा दिया। मान सरकार ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ किसानों की बैठक के अवसर को 'मोर्चा हटाओ अभियान' के लिए चुना। बुधवार को दिन में केंद्रीय मंत्रियों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की चंडीगढ़ में सातवें दौर की बैठक बेनतीजा रहने के बाद पुलिस ने पिछले चार महीनों से अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान नेता सरवण सिंह पंधेर को हिरासत में लिया।

### किसानों ने नहीं मानी सड़क खोलने की बात

बैठक से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों ने किसानों से यह कहते हुए नेशनल हाइवे खोलने की अपील की कि इससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है और कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है पर किसानों ने बात मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद उनसे केवल एक ओर का रास्ता खोलने की अपील की गई, परंतु किसान नहीं माने।



## संपादक की कलम से

# गर्मी के तल्ख तेवर



ललित शर्मा
संपादक

कभी जिस मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिये जाने जाते थे, वहां अब सूखे का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखाग्रस्त माने जाने वाले इलाकों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे जिलों की संख्या सैकड़ों में बतायी जा रही है, जिसका सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ रहा है। यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर समुद्री जल का तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी। आशंका जतायी जा रही है कि इस बार गर्मी नये रिकॉर्ड बना सकती है, जिसके चलते आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर, हमें बढ़ते तापमान के साथ जीने की कला भी सीखनी ही होगी।

## मुकेश अमन



## अंतरिक्ष की परी सुनीता

### कविता

नील गगन से घर लौटी है,
रचकर नव इतिहास।

अंतरिक्ष की परी सुनीता
अद्भुत है विश्वास।।

सारे जग को नाज, गर्व है,
लगता जैसे आज पर्व है,

उसके आंगन, घर आने से
लौटा है उल्लास।

रही गगन के आंगन कई दिन,
भू पर थे बेचैन कई मन,

नासा के अभियान सुनीता
काम किया है खास।

सब उल्लासित, आनंदित था,

एक झलक को हर व्यथित था,

आज सुबह जब, अमन खुशी की
घड़ियां आई पास।

नील गगन से घर लौटी है
रचकर नव इतिहास।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस- 20 मार्च, 2025

# भारत सक्षम है खुशी के उजालों को उद्घाटित करने में



ललित गर्ग



अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस हर साल 20 मार्च को मनाया जाने वाला एक वैश्विक आयोजनात्मक एवं प्रयोजनात्मक दिवस है, जिसका उद्देश्य खुशी, खुशहाली के साथ एक अधिक प्रसन्न, दयालु एवं शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देना है। यह लोगों के जीवन में खुशी के महत्व को मनाने और पहचानने तथा व्यक्तियों, समुदायों और संगठनों को खुशी और खुशहाली को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करने का दिन है। संयुक्त राष्ट्र ने 2012 में 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में घोषित किया, यह दिन पहली बार 2013 में मनाया गया था और तब से, यह एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। यह दिवस कोरा दिवस नहीं, एक आन्दोलन है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि खुशी एक मौलिक मानव अधिकार है और खुशी और कल्याण को बढ़ावा देने से एक अधिक शांतिपूर्ण, न्यायसंगत और टिकाऊ दुनिया बन सकती है। यह जीवन को बदलने और दुनिया को सभी के लिए एक बेहतर जगह बनाने के लिए खुशी की शक्ति का जश्न मनाने का दिन है। इस वर्ष की थीम ह्यएक साथ खुश रहोह्न है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि खुशी पाने के लिए दूसरों से जुड़ाव महसूस करना और किसी बड़ी चीज का हिस्सा बनना यानी बड़ी सोच-बड़े कदम जरूरी है। हम खुशी की मशाल को आगे बढ़ाएं, जहाँ भी हम जाएँ, खुशियाँ फैलाएँ, खुशियों का संसार गढ़े।

संयुक्त राष्ट्र ने 20 मार्च को विश्व प्रसन्नता दिवस के अवसर पर विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 जारी की, जिसमें भारत 143 देशों में से 126वें स्थान पर है। भारत लीबिया, इराक, पाकिस्तान, फिलिस्तीन और नाइजर जैसे देशों से पीछे है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ सातवां सबसे बड़ा भू-भाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे, निम्न आबादी एवं कम चुनौतियों का सामना करने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना भी कैसे उपयुक्त माना जा सकता है। जिन देशों को खुशहाल बताया गया है वहां आबादी, चुनौतियां बहुत कम हैं तथा धार्मिक संघर्ष भी नहीं है। ऐसे छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता। उनकी तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे भारत जैसे विशाल देश से कैसे की जा सकती है?

वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट में भारत के दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने एवं औद्योगिक-तकनीकी क्रांति जैसे कुछ चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर सराहना कर रहे हैं। भारत में मानव विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। भारत आम आदमी को डिजिटल दुनिया से जोड़ने वाला विश्व का प्रमुख देश बना है। सबसे अहम बात भारत की संस्कृति एवं सभ्यता में प्रसन्नता के मौलिक तत्व एवं गुण निहित है, जिनको अपनाकर दुनिया तनावमुक्त, प्रसन्न होती है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है।

खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं, संसाधनों से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। प्रसन्न समाज निर्माण के सन्दर्भ में विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। खुशहाल भारत को निर्मित करने के लिये आइये! अतीत को हम सीख बनायें। उन भूलों को न दोहरायें जिनसे हमारी रचनाधर्मिता जख्मी हुई है। जो सबूत बनी हैं हमारे असफल प्रयत्नों की, अधकचरी योजनाओं की, जल्दबाजी में लिये गये निर्णयों की, सही सोच और सही कर्म के अभाव में मिलने वाले अर्थहीन परिणामों की। एक सार्थक एवं सफल कोशिश करें खुशहाली को पहचानने की, पकड़ने की और पूर्णता से जी लेने की। अन्यथा नकारात्मक सोच के घनघोर अंधेरों के बीच तो चेहरे बुझे-बुझे ही रहेंगे। न कुछ जोश होगा न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय ओर खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। ऐसे माहौल में व्यक्ति खुशहाल कैसे हो सकता?

यह समय की मांग है कि देश में करोड़ों लोगों की गरीबी, भूख, कुपोषण, डिजिटल शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, ग्रामीण युवाओं के तकनीकी प्रशिक्षण और स्वास्थ्य की चुनौतियों को कम करने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास करे। ऐसे प्रयासों से ही आम भारतीय के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ेगी, देश में खुशहाली आएगी। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने नए मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है। पिछले एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। कुछ वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था, जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी सफलता पाई है। सरकार एवं सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों को निस्वार्थ होना जरूरी है। उनके निस्वार्थ होने पर ही आम आदमी के खुशहाली के रास्ते उद्घाटित हो सकते हैं। तभी आम आदमी को ऊर्जा एवं सकारात्मकता से समृद्ध किया जा सकता है, और तभी जीवन को आनंदित बनाया जा सकता हैं। यही आनन्द एवं खुशहाली समाज और राष्ट्र के लिए भी ज्यादा उपयोगी साबित हो सकती है। कामना हमें शुभ, सुखमय एवं खुशहाल जीवन की करनी होगी। लेकिन इसके लिये अवसरवादी, अनैतिक एवं गलत मूल्यों के खिलाफ आवाज भी तो उठानी ही होगी। अगर हमने कुछ लोगों को भी अपराध और भ्रष्टाचार के विरोध में जागृत कर सके तो हम खुशहाल जीवन के सपने को साकार कर सकेंगे। राजनीति की दूषित हवाओं ने भारत की चेतना को प्रदूषित कर दिया है। हम सरकार के बदलते चेहरों को देखने के अभ्यस्त हो गए हैं, सत्ता के गलियारों में स्वार्थों की धमाचौकड़ी ने ही आम आदमी की खुशियों को छीन लिया है। बुराइयां तभी छूटती है जब उनके गलत परिणामों का सही ज्ञान होता है और अच्छाइयां जीवन में स्थायित्व तभी पाती है जब उनके साथ निष्ठा, संकल्प एवं प्रयत्न की गतिशीलता और निरन्तरता जुड़ जाती है।

हर किसी की खुशी की अपनी परिभाषा होती है, या ऐसी चीजें जो उन्हें खुश करती हैं, यही वजह है कि इस दिन के लिए कोई परंपरा तय नहीं की गई है। खुशी का मतलब है संतुष्ट महसूस करना और अपनी भावनाओं का दिखावा न करना, इसलिए जो भी आपको खुश करता है, आप वही करें! धन, सुविधाएं या वैभव ही प्रसन्नता के माप नहीं है। आंतरिक रूप से खुश रहना, आपके आस-पास के माहौल से संतुष्ट होना ही प्रसन्न होने की कुंजी है, इसलिए खुद को चुनौती दें और नए लोगों और अनुभवों के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे खुले रखें। छोटी-छोटी चीजों को संजोएं और उस पल में हर चीज के लिए आभारी रहें, कृतज्ञता भाव को जीवंतता दें। मनुष्य सामाजिक प्राणी हैं। यदि आप अपने दोस्तों के साथ मिलकर कोई आयोजन करने में टाल-मटोल कर रहे हैं, या हाल ही में बाहर जाने से ह्लनाह्न कह दिया है, तो इस प्रवृत्ति को बदलने का प्रयास करें। बाहर जाएँ, हँसें, मौज-मस्ती करें। मुस्कुराना और हँसना तनाव दूर करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है, और सबसे अच्छी बात यह है कि ये मुफ्त हैं और इसी से वास्तविक प्रसन्नता अवतरित होती है।

# फिल्म छावा के प्रदर्शन से समाज में छत्रपति संभाजी के प्रति फैली समाज में जागरूकता !

अशोक भाटिया, मुंबई




नागपुर का खूबसूरत शहर, जो चमचमाती सीमेंट सड़कों और हरे-भरे पेड़ों के बीच से गुजरने वाली मेट्रो के साथ एक नया आकर्षण बन गया है, सोमवार रात को धार्मिक हिंसा से प्रभावित हुआ, मुगल सम्राट औरंगजेब की कब्र पर राज्यव्यापी विवाद के बाद सोशल मीडिया पर अफवाहें फैल गईं और सैकड़ों लोगों की भीड़ ने उन्हें आग लगा दी। पुलिस को निशाना बनाया गया। चार उपायुक्तों सहित लगभग पैंतीस कर्मी घायल हो गए। भीड़ इतनी हिंसक थी कि पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम पर कुल्हाड़ी से वार किया गया। भीड़ को लाठीचार्ज और आंसू गैस का उपयोग करके नियंत्रित किया जाना था। अब हिंसा ने राजनीतिक दंगा शुरू कर दिया है। आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। वे जारी हैं और आगे भी जारी रहेंगे। सत्ताधारी और विपक्षी दल भी लोगों के जीवन-मरण के मुद्दों पर अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ऐसे भावनात्मक और धार्मिक मुद्दों का सहारा लेकर अपने राजनीतिक बर्तन को जलाने की कोशिश करते हैं। आश्चर्य इस बात का भी है कि नागपुर में अचानक हुई हिंसा का क्या हुआ? मुंबई में महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान, 500 मुस्लिम युवाओं की भीड़ सड़कों पर आती है और चिल्लाती है, तोड़फोड़, आगजनी, पथराव, पुलिस को निशाना बनाना, पथराव करना और उन पर हमला करना, पथराव करना और पुलिस पर पेट्रोल बम फेंकना, तीन डिप्टी कमिश्नर सहित तैंतीस पुलिसकर्मियों को घायल करना। यह घटना नागपुर के स्वस्थ पर्यावरण के लिए एक झटका है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नागपुर में हिंसा के लिए कौन जिम्मेदार है। पुलिस ने 100 से अधिक सामाजिक कार्यकताओं को हिरासत में लिया है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में राज्य में सत्तारूढ़ महायुति सरकार के खिलाफ नेताओं द्वारा दिए गए भड़काऊ भाषणों से पता चलता है कि हिंसा भड़की है।

दरअसल देखा जाय तो नागपुर, महाराष्ट्र की उप-राजधानी, एक शांतिप्रिय शहर है। नागपुर को एक शैक्षिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में जाना जाता है। नागपुर के संतरे देश में लोकप्रिय हैं। ऑरेंज सिटी नागपुर की प्रतिष्ठा है। नागपुर के लोग स्वभाव से मीठे हैं और उनका वैदिक आतिथ्य भी गले लगा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ये नागपुरवासी आज केंद्र और राज्य में सत्ता के उच्च पदों पर बैठे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले नागपुर के प्रभारी मंत्री हैं। नागपुर एक शिक्षित और सुसंस्कृत शहर के रूप में जाना जाता है। हर साल, नागपुर समझौते के अनुसार, नागपुर में राज्य विधानमंडल का एक सत्र आयोजित किया जाता है।

फिल्म छावा पूरे देश में जोरों पर चल रही है। फिल्म छावा देखने के बाद छत्रपति संभाजी महाराज के लिए भक्ति, सम्मान और प्रेम हर किसी के मन में व्यक्त हो रहा है। और संभाजी महाराज पर अत्याचार करने वाले औरंगजेब के खिलाफ गुस्सा, नफरत और ईर्ष्या हर किसी के मन में जल रही है। महाराष्ट्र को औरंगजेब की कब्र की जरूरत क्यों है, जिसे बेरहमी से प्रताड़ित किया गया था? इस तरह की भावना हिंदुओं के मन में जोर पकड़ने लगी, जिससे संभाजीनगर से 25 किलोमीटर दूर औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग उठने लगी। भाजपा के विरोधी, विशेष रूप से महागठबंधन के राजनीतिक दल, लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखे बिना औरंगजेब को भड़काने की कोशिश कर रहे थे।

यहीं से विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने पहल की और महाराष्ट्र से औरंगजेब की कब्रों को हटाने का अभियान शुरू किया। जब राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री नागपुर से थे तो नागपुर में हिंसा कैसे हुई? नागपुर दंगों का मास्टरमाइंड कौन? नागपुर में दंगे की साजिश किसने रची? इससे कई सवाल खड़े हुए। मुख्यमंत्री के शहर में दंगों के कारण विपक्ष को सरकार की आलोचना करने का औजार मिल गया, लेकिन लगता है कि वे आसानी से भूल गए हैं कि दंगों के लिए विपक्षी नेता जिम्मेदार थे। नागपुर दंगे अगले दिन उम्मीद के मुताबिक विधानमंडल के दोनों सदनों में गूंज उठे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधान परिषद में सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष के 'गैर जिम्मेदाराना व्यवहार' पर तंज कसा। कौन कहता है कि औरंगजेब क्रूर नहीं था? अबू आजमी को इस तरह के लापरवाह बयान देने के लिए विधानसभा द्वारा सत्र की अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है।

नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सापकाल ने यह कहकर कला का दीप प्रज्वलित किया था कि औरंगजेब और देवेंद्र फडणवीस का करियर एक ही था। उबाथा सेना के विधायक अनिल परब ने बचकाना बयान दिया था कि उन्हें सदन में संभाजी महाराज की तरह प्रताड़ित किया गया था। संभाजी महाराज के साथ उनकी तुलना हास्यास्पद नहीं बल्कि निंदनीय है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सदन में यह सब उजागर किया। महाराष्ट्र समझ गया कि हर्षवर्धन सपकाल या अनिल परब कितने पाखंडी हैं। आप क्या यातना दे रहे थे, आपने मुकदमा चलाने के बाद एक लोटांगन लगाया था, इस मामले से छुटकारा पाने के बाद, आप अपने नेता की तरह उल्टा हो गए, ?एकनाथ शिंदे ने कहा।

महाराष्ट्र से औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए राज्य के हर शहर और गांव से मांग की जा रही है। नागपुर में, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने औरंगजेब की छवि जला दी और अपना गुस्सा व्यक्त किया। तब पुलिस ने शांति बनाई थी। लेकिन अचानक रात में मुसलमानों की एक बड़ी भीड़ हाथों में लाठी, लाठी, पत्थर, तलवार लेकर बाहर आती है और तोड़फोड़ और आगजनी शुरू कर देती है। यह कोई संयोग नहीं है कि उस समय वहां कोई वाहन नहीं था। यह सबसे गंभीर बात थी कि भीड़ ने वदीर्धारी पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। विपक्ष इस बारे में एक शब्द कहने को तैयार नहीं है कि कितने पुलिसकर्मी घायल हुए, कितने पुलिस के सिर तोड़े गए, कितने लोगों के हाथ-पैर टूटे। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। समाज की रक्षा के लिए जिम्मेदार लोगों पर पेट्रोल बम और पत्थर फेंकना बहुत गंभीर है। मुख्यमंत्री ने खुद वीडियो फोन पर घायल पुलिसकर्मियों से संपर्क किया, दंगाइयों से निपटने के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार उनके साथ है और उन्हें नैतिक मजबूती दी और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नागपुर दंगों को भुनाकर महायुति सरकार को बदनाम करने की महागठबंधन की योजना अच्छी तरह से विफल रही, लेकिन उन पर उल्टा पड़ गया।

वास्तव में, एक-दूसरे को दोष देने के बजाय, हमें यह पता लगाना चाहिए कि चार वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के घायल होने के साथ क्या गलत हुआ, और यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं फिर से न हों। महाराष्ट्र की राजधानी नागपुर में इस तरह के धार्मिक दंगों का न तो कोई इतिहास है और न ही विरासत है। नागपुर पिछले 100 वर्षों में अपेक्षाकृत शांत था, 1927 या 1967 को छोड़कर। शहर में इस तरह के दंगे कभी नहीं हुए। यह इस शहर की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विविधता के कारण है। नागपुर की भौगोलिक स्थिति के अनुसार नागपुरकर भोसले का अवध, बंगाल में राज्य का विस्तार और बाद में अंग्रेजों ने कमाठीपुरा के सैन्य शिविर पर धावा बोल दिया, देश के मलयालम, तमिल, उड़िया, बंगाली, आदि उत्तर भारतीय जैसे समाज के सभी वर्ग पीढ़ियों से बढ़ रहे हैं। यह सामंजस्य शहर के अनूठे त्योहारों और रीति-रिवाजों और परंपराओं में परिलक्षित होता है, जिन्हें बाबा ताजुद्दीन के नाम से जाना जाता है, जो उस आस्था की एक विशेष विशेषता है। पास के वर्धा-सेवाग्राम या पवनार के रूप में, यह क्षेत्र महात्मा गांधी की अहिंसा का घर है। इसके त्योहार इतिहास का प्रतीक हैं। होली के अवसर पर मारबत जुलूस एक सुंदर उदाहरण है। शहर वैचारिक विविधता को भी संरक्षित करता है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्मस्थान है, जो इस वर्ष अपनी शताब्दी मना रहा है, और यह दीक्षा भूमि भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के धम्मचक्र की ऐतिहासिक घटना के कारण है। इसने एक-दूसरे के पूरक भी बने और देश और दुनिया के सामने भारतीय विविधता का एक आदर्श उदाहरण पेश किया। नागपुर के लोग मुक्त-उत्साही हैं। नागपुरी या वैदिक आतिथ्य इसकी विशेष विशेषता है। यह पेट में समान रूप से खुले और समान रूप से टकराव की प्रकृति वाला शहर है। हाल के वर्षों में, नागपुर देश का सबसे तेजी से बढ़ता शहर बन गया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जो इस गति के नेता हैं उन्होंने बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। नागपुर के कंधों पर फ्लाईओवरों की नक्काशीदार नासमझ खेल रही है। यहां हवाई अड्डे को वास्तव में अंतरराष्ट्रीय चरित्र मिल रहा है। यह विकास आसपास के जिलों से भी तेज हो रहा है। इस स्तर पर, धार्मिक हिंसा हो रही है। चुप रहना अच्छा संकेत नहीं है। नागपुर के चौपर विकास को इस तरह की हिंसा का सामना नहीं करना चाहिए। क्योंकि ऐसी घटनाओं के परिणाम दूरगामी होते हैं। किसी भी शहर या क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन और विकास के लिए शांति और कानून व्यवस्था एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसा मोड़ नागपुर या विदर्भ, मध्य भारत द्वारा वहन नहीं किया जा सकता है।

दिहुली नरसंहार मामला

18 नवंबर 1981 की शाम का वो खौफनाक मंजर जहां खेला गया खूनी खेल

# पुलिस वर्दी में आये 17 बदमाशों ने 24 दलितों की गोलियों से भूनकर कर डाली थी निर्मम हत्या

**वेलकम इंडिया/पंकज शाक्य**

**मैनपुरी** - उत्तर प्रदेश के जनपद फिरोजाबाद के थाना जसराना क्षेत्र का दिहुली गांव का वह नरसंहार जिसके बारे में लोग आज भी सुनते हैं तो उनकी रूह कांप जाती है।18 नवम्बर 1981 को दिहुली गांव में डेढ़ दर्जन से अधिक पुलिस की वर्दी में पहुंचे हथियारबंद बदमाशों के द्वारा दलित वस्ती पर ताबड़तोड़ गोलियों वर्षा कर 24 दलितों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद गांव के ही व्यक्ति लायक सिंह के द्वारा राधे और संतोषा गैंग के 17 नामजदों के विरुद्ध इस सामूहिक नरसंहार का मुकदमा दर्ज कराया गया था। दरअसल आपको बता दें कि 18 नवंबर 1981 की वह शाम है जो दिहुली गांव के लिए एक काली रात लेकर आई थी। इस गांव की दलित वस्ती पर राधे और संतोषा गैंग के 17 लोगों के द्वारा ताबड़तोड़ गोलियों बरसाते हुए 24 लोगों जिसमें कुछ महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल थे। जिनकी हत्याएं कर दी गई थी। इस घटना के बारे में आज भी जो कोई सुनता है तो उसकी रूह कांप जाती है।





**कई हत्यारों की पहले ही हो चुकी है मौत, शेष को फांसी की सजा के साथ जुर्माना** : वहीं इस मामले में जिन बदमाशों के द्वारा इस नरसंहार की घटना को अंजाम दिया गया था। उसमें से 14 हत्यारों की पहले ही मौत हो चुकी है। जबकि अभी तीन हत्यारे जिंदा है। जिन्हें 44 साल बाद मैनपुरी न्यायालय की न्यायाधीश इंदिरा सिंह के द्वारा मौत की सजा सुनाई गई है। जिसके साथ ही तीनों ही हत्यारों पर 50- 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

**सजा सुनते ही कोर्ट में बिलख कर रो पड़े तीनों हत्यारे**

जब न्यायाधीश इंदिरा सिंह के द्वारा 24 दलितों की निर्मम हत्या करने वाले हत्यारों रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह को फांसी की सजा सुनाई तो वह फफक कर रो पड़े और रोते हुए न्यायाधीश से रहम की भीख मांगने लगे।

**इन हत्यारों को सुनाई सजा**

दिहुली नरसंहार मामले के मुख्य आरोपियों रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह को 18 मार्च 2025 को चोरी एवं डकैती न्यायालय की न्यायाधीश के द्वारा सजा सुनाई गई है।

**18 नवंबर 1981 की वह शाम है जो दिहुली गांव के लिए एक काली रात लेकर आई थी**

**जो सामने मिला, उसे गोलियों से भूना** : राधे और संतोषा गैंग के सदस्यों ने इस कदर दलित वस्ती पर हमला किया था कि क्या बूढ़ा, क्या जवान, क्या महिलाएं और क्या बच्चे जो भी सामने मिलता गया। उसके उसपर ताबड़तोड़ गोलियों बरसाते हुए उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। इस सामूहिक नरसंहार ने 23 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था और एक गंभीर घायल की फिरोजाबाद अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

**दिहुली निवासी लायक सिंह ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट** : थाना जसराना क्षेत्र के गांव दिहुली में हुए सामूहिक नरसंहार की रिपोर्ट उक्त गांव के ही रहने वाले लायक सिंह ने राधे और संतोषा गैंग के 17 लोगों पर 24 लोगों की हत्या करने के मामले में 19 नवंबर 1981 को मुकदमा दर्ज कराया था।

**दिहुली में खेली गई खुशियों की होली** : जब होली से कुछ दिन पूर्व सामूहिक नरसंहार के दोषियों को न्यायालय के द्वारा जब दोषी करार दिया गया और फैसला सुरक्षित रख लिया गया। इसकी जानकारी जब गांव वालों को हुई तो दलित समाज के लोगों के द्वारा जमकर खुशियों की होली खेली गई। हालांकि इस पूरे ही मामले में पुलिस भी अपनी नजर बनाए हुए थी।

**यह थी वह वजह, जिसके कारण कर दिया गैंग ने नरसंहार** : पीड़ित पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे अधिवक्ता रोहित शुक्ला से जब पूंछा गया कि ऐसी क्या वजह थी जो राधे और संतोषा गैंग के द्वारा इतनी बड़ी घटना को अंजाम देते हुए नरसंहार किया गया। जिसपर उनके द्वारा बताया गया कि घटना से कुछ दिन पूर्व राधे और संतोषा गैंग पर पुलिस के द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें दिहुली गांव के कुछ लोगों को पुलिस ने गवाह बनाया था। इसी बात से खुन्नस खाकर इस गैंग के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया था।

## क्या बोले अधिवक्ता रोहित शुक्ला

न्यायालय के द्वारा रामसेवक, कप्तान और रामपाल को फांसी की सजा दी गई है। जिसके साथ ही न्यायालय के द्वारा 50–50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है ।इसमें 24 दलितों की हत्या की गई थी। इसकी स्टोरी में यह सामने आया था कि राधे और संतोष गैंग के कुछ लोग पुलिस ने पकड़े थे। इसमें दिहुली के दलित लोग गवाह बन गए थे। उसी के पीछे खुन्नस खाकर के हत्या की गई थी। इसमें सन 1983 में पत्रावली यहां थी फिर सन 1984 में पत्रावली को यहां से लोअर कोर्ट इलाहाबाद भेजा गया। जहां हाइकोर्ट के आदेश के बाद सुना गया। जहां पर उसका ट्रायल हुआ, फिर वहां से वापस मैनपुरी भेज दिया गया। जिन लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई हैं। उन लोगों ने एकजुट होकर सामूहिक हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया था। हत्यारोपी कप्तान और रामसेवक के द्वारा कुछ महिलाओं को मारा गया था। इन लोगों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार नहीं किया है, क्योंकि कोई भी आरोपी अपना जुर्म स्वीकार नहीं करता है। न्यायालय द्वारा जो सजा सुनाई गई है, उसपर उन्हें पछतावा है, अभियुक्त रो रहे हैं।

### 30 दिन के अंदर कर सकते हैं हाईकोर्ट में अपील

फांसी की सजा पाने वाले रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए फांसी की सजा के खिलाफ 30 दिन के भीतर हाईकोर्ट में अपील भी कर सकते हैं। हाईकोर्ट सेशन कोर्ट के फैसले की समीक्षा के बाद अपना निर्णय लेकर फांसी की सजा को बरकरार रख सकती है या फिर सजा में संशोधन भी किया जा सकता है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### 14 दिन जेल की क्वारंटीन बैरक में रहेंगे दोषी

कोर्ट द्वारा सजा सुनाकर जेल भेजे गए तीनों दोषियों को पहले 14 दिन के लिए क्वारंटीन बैरक में रखा जाएगा। मंगलवार शाम जेल पहुंचते ही उनको इस बैरक में भेज दिया गया। यहां उनकी नियमित निगरानी होगी। जहां उनको जांचा जाएगा कि वह समय से खाना–पीना ले रहे हैं या नहीं, सो रहा है या नहीं। 14 दिन के बाद उसको नियमित बैरक में भेजा जाएगा।

### सजा पाने से पहले कप्तान सिंह रहा सबसे अधिक बेचैन

दिहुली कांड के दोषी रामपाल, रामसेवक और कप्तान सिंह जिला कारागार मैनपुरी में सोमवार की रात को करवटें बदलते रहे। वह अपनी सजा के बारे में ही सोचते रहे। कप्तान सिंह सबसे अधिक बेचैन था। जिला कारागार के कर्मियों के अनुसार इन तीनों की नियमित निगरानी भी की जा रही थी। मंगलवार को तीनों समय से उठे और नित्य क्रिया के बाद कोर्ट जाने को तैयार हो गए। मगर, इनके चेहरों पर सजा पाए का अजीब सा खौफ साफ दिखाई दे रहा था। सोमवार शाम को खाना भी कम ही खाया था।

# एसडीएम ने मुड़िला गांव में छापा मारा दो मकानों से नौ बोरी गेहूं किया बरामद

**वेलकम इण्डिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़.के पकड़ी उर्फ मुड़िला गांव में तस्करी की सूचना पर राजस्व टीम ने बुधवार को छापा मारा। 02 मकानों में रखे 09 बोरी गेहूं बरामद किया गया ।एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल सिंह को सूचना मिली कि कोतवाली कपिलवस्तु क्षेत्र के मुड़िला गांव में तस्करी के लिए गोदाम में भारी मात्रा में स्टॉक है। एसडीएम ने तहसीलदार अजय मौर्य को जांच के लिए मौके पर भेजा। कुछ देर बाद एसडीएम खुद गांव पहुंच गयें। संदिग्ध घरों की तलाशी ली गई। तसौवर के घर 04 बोरी, तजरुन्निसा के घर 05 बोरी खाद्यान्न बरामद हुआ। जांच में कोटे के अनाज का शक होने पर कोटेदार रऊवाब के दुकान को चेक करने पहुंचे। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शोहरतगढ़ सतीश चन्द्र द्वारा रऊवाब के खाद्यान्न के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। कोटेदार मौके पर नहीं रहा तीन घंटे तक प्रशासन को घुमाता रहा। उसके बाद गोलमाल करने के बाद ताला खोला, जो संदिग्ध दिख रहा था। एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल सिंह ने कहा जांच में बिलम्ब और प्रशानिक अधिकारी को गुमराह कर घंटों परेशान किया गया। इसकी जांच रिपोर्ट सम्बन्धित उच्च अधिकारी को प्रेषित किया जायेगा। बरामद 09 बोरी गेहूं कोतवाली के सुपुर्द कर इरफान सहित मकान मालिक के नाम विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दियें। टीम में तहसीलदार अजय कुमार मौर्य, राजस्व निरीक्षक रामचन्द्र प्रसाद, सुनील कुमार, राजस्व कर्मी कमलेश कुमार मौर्या शामिल रहें।



# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ ले युवा-वन मंत्री अरुण सक्सेना

**फरुर्खाबाद** - यूपी सरकार के वन पर्यावरण एवं जल उद्यान और जलवायु परिवर्तन मंत्री अरुण सक्सेना फरुर्खाबाद पहुंचे। जहां फरुर्खाबाद के मोहल्ला सुभाष नगर बजरिया में उन्होंने ₹द इंडियन मोंटेसरी ग्लोबल स्कूलर₹ की शाखा का फीता काटकर शुभारंभ किया तो वहीं के समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भी शिरकत की। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ₹द इंडियन मोंटेसरी ग्लोबल स्कूलर₹ शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करेगा, स्कूल में बच्चों को खेल-खेल में सीखने की ऐसी हाईटेक व्यवस्था देखने को मिली है। जिससे बच्चे खेल-खेल में शिक्षा अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से बच्चों को शिक्षक बनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है और आने वाले समय में बच्चों के हाथ में ही देश की बागडोर रहने वाली है ऐसे में अगर बच्चा शिक्षित होगा तो देश हमारा तरक्की करेगा। उन्होंने कायस्थ समाज के होली मिलन समारोह में कहा कि 1952 में जब देश में पहला चुनाव हुआ था। तब राजनीति और नौकरी में 40% से अधिक लोग कायस्थ समाज से हुआ करते थे। लेकिन आज हमारा समाज बंटकर पिछड़ रहा है, हमें एक होने की जरूरत है।



मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा की प्रदेश की योगी सरकार व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना चला रही है ।जिसमें युवाओं को रोजगार के लिए 5 लाख तक का लोन बिना गारंटी और बिना ब्याज के दिया जा रहा है। युवा आगे आए और रोजगार लगाकर खुद को और परिवार को मजबूत करें। श्री सक्सेना ने कहा कि कोई भी काम छोटा और बड़ा नहीं होता है। जिसपर उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी ताकत हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब सड़कों पर झाड़ू लगा सकते हैं तो हमारे देश का युवा छोटा काम करने से क्यों पीछे हटता है। वन मंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां सनातन को बढ़ावा देने के लिए देश दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन महाकुंभ किया। जिसमें 66 करोड़ से अधिक लोगों ने इस कुंभ में डुबकी लगाई है ।उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन केवल उत्तर प्रदेश में ही किया जा सकता है। देश और दुनिया में इतना बड़ा आयोजन करने वाला कोई स्थान ही नहीं बना। वहीं उक्त कार्यक्रम के बाद आयोजक पूर्व प्राचार्य बीना सक्सेना ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। जिसके साथ ही इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, फरुर्खाबाद भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजेश सक्सेना, आलोक रायजादा, डॉ. पीके राज, सुभाष रायजादा, प्रशांत सक्सेना, अंकुर सक्सेना, हरेंद्र सक्सेना, मोहित सक्सेना, अरविन्द सक्सेना, सुबोध सक्सेना, गौरब सक्सेना, चंचल सक्सेना, सौरभ सक्सेना, नीलम सक्सेना, पूनम सक्सेना, अंशुल सक्सेना के अलावा सेकड़ों लोगों की मौजूदगी देखने को मिली।

# विधायक ने एसडीएम के साथ नपा बढ़नी और शोहरतगढ़ में चिह्नित जमीनों को शासन को भेजा

**वेलकम इण्डिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़ ./सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ को सुंदरगढ़ बनाने की दिशा में विधायक शोहरतगढ़.विनय वर्मा के प्रयासों के जब पंख लगता है, तो खुशी तो होती ही है। जिसको लेकर बुधवार को विधानसभा शोहरतगढ व बढ़नी में बस अड्डा निर्माण के लिए एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल कुमार सिंह एवं विधायक सहित दोनों कस्बों की जनता के साथ नगर पंचायत शोहरतगढ़.के मेढ़वा और बढ़नी के मुडिला में जमीन चिंहित कर अवलोकन किया। आपको बता दें कि उक्त कार्य विधायक के प्रस्ताव पर हो रहा है। इसके लिए लगातार विधायक शासन, जिलाधिकारी व प्रशासन के साथ हमेशा संवाद करते रहे हैं। जिस कारण से बुधवार को विधानसभा शोहरतगढ़ में यह कार्य हो रहा है। ज्ञातव्य हो कि ज़िलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 और मंत्री जी के बीच कई बार संवाद स्थापित कर विधायक ने इस कार्य को जल्द ही शुरू करवाने हेतु पहल किया। वहीं अब प्रशासन द्वारा शासन को चिह्नित किये गये जमीन का विवरण भेज दिया जायेगा और बहुत जल्द की प्रस्तावित राशि निर्गत कर इन जमीनों पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। विधायक ने बस अड्डाओं के चिह्नित जमीनों पर बस अड्डा बनने पर मुख्यमंत्री उ0प्र0 आदित्यनाथ जी एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह जी के साथ-साथ जिला प्रशासन का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।



## बुकलाना के चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुगरासी। चौकी के गांव बुकलाना निवासी एक पीड़ित ने गांव के ही चार आरोपियों पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है ।बुकलाना निवासी विकास पुत्र महेन्द्र ने रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि चारों नामजदों ने उसकी बहन व छोटे भाई के साथ अभद्रता की विरोध करने कर अभद्रता कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। जिससे विकास की बहन अर्चना व छोटा भाई दीपांशु घायल हो गये। विकास की तहरीर पर पंकज आशीष प्रशांत व हिमांशु के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

# रस में आक्रोशित लोगों ने पीसी बागला डिग्री कालेज के प्रोफेसर के पुतले को जूतों से पीटकर अग्नि से फूंका

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** बागला डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर द्वारा छात्राओं के उत्पीड़न पर सर्व समाज मे आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आज सर्व समाज ने एकजुट होकर बागला डिग्री कॉलेज पर जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। आक्रोशित लोगों ने प्रोफेसर के पुतले को जूते से पीटकर आग के हवाले कर दिया। दरिंदे को फांसी दो , पीड़ितों को न्याय दो के नारे लगाये गये। आज सुबह सर्व समाज की एक बैठक कैलाश मन्दिर पर हुई। बैठक में बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर रजनीश द्वारा छात्राओं को डरा धमकाकर उनके उत्पीड़न करने की कड़े शब्दों में निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में ऐसे कृत्य समाज के लिये घातक है। ऐसे चरित्र के लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। आरोपी प्रोफेसर की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। सर्व समाज के लोगों ने ठाकुर जोगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सभी ने बागला डिग्री कॉलेज पहुँचे जहां कॉलेज गेट पर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दरिन्दे को फांसी दो , पीड़ितों को न्याय दो के नारे लगाये। इसके बाद आरोपी प्रोफेसर रजनीश के पुतले को जूते से पीटा गया। आक्रोशित लोगों प्रोफेसर रजनीश का पुतला दहन किया। प्रदर्शन करने वालों में नवीन प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह , देवेश गौतम,धर्मेंद्र दिवाकर उर्फ अंटू , अजय चौधरी, नवनीत गौतम ,वरूण त्रिगुणायत , अमित ठाकुर , अमर पौरुष , डब्बू जादौन , सोहन सिहं आदि मौजूद रहे।



# मानदेय के लिए ग्राम रोजगार सेवकों ने बढ़नी ब्लाक पर किया प्रदर्शन

**वेलकम इण्डिया/ असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी के परिसर में ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लाक अध्यक्ष बढ़नी के नेतृत्व में बुधवार को रोजगार सेवकों का मानदेय भुगतान न होने से जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ब्लाक अध्यक्ष बढ़नी आनन्द त्रिपाठी ने कहा कि लगातार 06 माह से मानदेय भुगतान न होने से ग्राम रोजगार सेवकों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। साथ ही साथ मनरेगा योजना अन्तर्गत श्रमिकों का मजदूरी पिछले 04 महीने से भुगतान नही हो रहा है। इससे गांवों में विकास कार्य के लिए श्रमिक नहीं मिल पा रहे है। ब्लाक के जिम्मेदारों की ओर से लगातार विकास कार्य कराने पर जोर दिया जा रहा है।

मजदूरी न मिलने के कारण जॉब कार्ड धारक काम पर नहीं आ रहे है। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार द्वारा जल्द मानदेय का भुगतान नही दिया जायेगा हो आन्दोलन किया जायेगा। इस दौरान सोहनलाल, रामसूरत, रामनरेश, पंकज, संजय कुमार, अब्दुल सब मनोज, बब्वन, हरिहर, हरेन्द्र, विजय, शिवशंकर, दिनेश चंद्र, जय प्रकाश, प्रहलाद, अम्बर, प्रतापबली, रेखा पाण्डेय, सरिता, सप्पू देवी, वन्दना आदि मौजूद रहें।



# डॉ० संदीप के मुख्य आतिथ्य में मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** शाम ए सुखन एवं बुंदेलवी द्वारा झांसी की वीर भूमि में मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झांसी दुर्ग के समीप स्थित राजकीय संग्रहालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक व प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ० निधि अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों के आगमन पर कार्यक्रम आयोजक एवं शाम ए सुखन के संस्थापक दीपक जोशी व संयोजक एवं बुंदेली के संस्थापक विकास गुप्ता द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में देशभर से सम्मिलित हुए कवियों ने कविता एवं मुशायरा का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया, जिसे सुनकर समस्त अतिथिगण एवं आगंतुकों ने करतल ध्वनि के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कवि हितेश विश्वा, शायर आशीष राजपूत, कवि अभिषेक बबेले, सुमित चिरगांव, रोहित गुस्ताख, आयुषी शेषा, शिवसागर, दर्द फैज खान, देवास विश्वकर्मा, मिलन गौतम, मोहित रिक्त, सरताज फकीर, राज गुर्जर, अमन भदोरिया, शमा एवं शुभी गोरखपुर द्वारा मुशायरा एवं कविताओं का मंचन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिवम शुक्ला, गोपाल गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता एवं प्रिंस खरे का मुख्य योगदान रहा। मंच का संचालन सुमित चिरगांव एवं दीपक जोशी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में विकास गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संदीप नामदेव, राकेश अहिरवार, बसंत गुप्ता, राजू सेन, मास्टर मुन्नालाल, कमल मेहता, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा आदि उपस्थित रहे।



# धोखाधड़ी : प्रॉपर्टी डील में 90 लाख हड़पने का आरोप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने पिता-पुत्र पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने 90 लाख रुपये का मकान बेचने का झांसा देकर उससे 10 लाख रुपये ठग लिए, साथ ही पहले दिए गए चेक भी वापस नहीं किए। पीड़ित ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आपको बता दे कि बारादरी थाना क्षेत्र के स्पर्श ग्रीन अपार्टमेंट, ग्रीन पार्क निवासी शेखर यादव ने बारादरी क्षेत्र के जीएस 1 ग्रेटर ग्रीन पार्क के रहने वाले अशोक कुमार गुप्ता और उनके बेटे ऋषभ कुमार गुप्ता से जान-पहचान थी। इसी भरोसे के चलते उन्होंने अशोक गुप्ता से बगौतीपुर में जमीन का बैनामा अपनी फर्म के नाम कराकर उस पर कब्जा कर लिया। पीड़ित ये बैनामा अपने नाम करना चाहता था, लेकिन इसके लिए उन्होंने ऋषभ और अशोक को दो चेक बतौर सिक्योरिटी दिए थे। बाद में यह बैनामा उनकी फर्म के खाते से पूरा भुगतान करके कराया गया। जब शेखर ने अपने चेक वापस मांगे तो आरोपियों ने जल्द लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन अभी तक नहीं लौटाए। आरोपी ऋषभ और अशोक ने शेखर यादव से कहा कि वे नोएडा में कारोबार करना चाहते हैं और इसके लिए उन्हें पैसों की जरूरत है। उन्होंने अपना मकान 90 लाख रुपये में बेचने का सौदा तय किया और एडवांस के रूप में 20 लाख रुपये मांगे। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी ऋषभ के खाते में 10 लाख रुपये भेज दिए। कुछ समय बाद शेष रकम देने के बाद बैनामा करने की बात आई, तो आरोपियों ने बहाने बनाने शुरू कर दिए। बार-बार कहने पर भी जब इकरारनामा नहीं किया गया, तो शेखर को ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने जब अपना पैसा वापस मांगा या फिर मकान की रजिस्ट्री की मांग की, तो आरोपियों ने इंकार कर दिया और कहा कि उन्हें मकान बेचना ही नहीं था। इतना ही नहीं, पहले दिए गए चेक भी नहीं लौटाए। इसके बाद पीड़ित ने बारादरी थाने में पहुंच कर दोनों आरोपियों अशोक कुमार गुप्ता और ऋषभ कुमार गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# दुकान पर जबरन कब्जे का आरोप, व्यापारी ने लगाई न्याय की गुहार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक व्यापारी ने अपनी ही किराए की दुकान से बेदखल किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित व्यापारी ने आरोप लगाया कि दबंगों ने जबरन दुकान में ताला डाल दिया और पुलिस प्रशासन भी राजनैतिक दबाव में आकर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस मामले में व्यापारी वरुण कुमार गंगवार ने बताया कि उन्होंने 1 नवंबर 2022 को वीर सावरकर नगर स्थित तीन मंजिला दुकान को किराए पर ली थी और दुकान का किरायानामा दस वर्षों के लिए तय हुआ था, जिसमें हर साल 10% किराया बढ़ाने की शर्त थी। व्यापारी का कहना है कि वह समय से किराया अदा कर रहे थे, लेकिन दुकान के असली मालिक ट्रस्ट के नाम होने की जानकारी मिलने के बाद विवाद शुरू हो गया। व्यापारी का आरोप है कि संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा करने के उद्देश्य से जितेंद्र गंगवार नामक व्यक्ति ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। जब उन्होंने ट्रस्ट को किराया जमा करने की बात कही, तो विपक्षी भड़क गया। 9 दिसंबर 2024 को विपक्षी ने कुछ लोगों के साथ दुकान में घुसकर तोड़फोड़, गाली-गलौज और मारपीट की। व्यापारी ने आगे कहा कि जब वह शिकायत करने इज्जतनगर थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उनकी सुनवाई करने के बजाय उन्हें ही धमकाना शुरू कर दिया। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने व्यापारी को दुकान खाली करने की चेतावनी दी और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी।

### व्यापारी ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

लगातार हो रहे उत्पीड़न और प्रशासनिक लापरवाही से तंग आकर व्यापारी ने अब मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बरेली की अदालत में याचिका दायर की है। उन्होंने न्यायालय से गुहार लगाई है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। तब जाकर थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो सका।

**मुख्यमंत्री से भी लगाई गुहार, फिर भी कार्रवाई नहीं:** अपनी सुरक्षा और न्याय के लिए 10 दिसंबर 2024 को व्यापारी ने मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजा, साथ ही डीजीपी, एडीजी बरेली जोन और एसएसपी बरेली को भी शिकायत भेजी। बावजूद इसके प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। व्यापारी के अनुसार, 13 दिसंबर 2024 को विपक्षी फिर चार-पाँच लोगों के साथ दुकान पर आया और जबरदस्ती ताला लगाकर चला गया। दुकान के अंदर रखा एक्वेरियम बंद होने के कारण मछलियों के मरने की नौबत आ गई, लेकिन इसके बावजूद भी विपक्षी ने ताला खोलने से इनकार कर दिया।

# सीबीगंज थाना पुलिस ने दो मोबाइल लुटेरे को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** थाना सीबीगंज पुलिस ने बुधवार को दो शातिर मोबाइल लुटेरे को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया। पुलिस को उनके पास से एक मोबाइल व दो चाकू बरामद हुए। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सीबीगंज में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज है। आपको बता दें कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे थाना सीबीगंज के पस्तौर निवासी कुलदीप पुत्र कन्हैयालाल खलीलपुर तिराहे से गुजर रहे थे। तभी अचानक दो अज्ञात लड़के आए और उनका मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। मुखबिर की सूचना पर बीती रात्रि 11:30 बजे पुलिस ने दोनों मोबाइल चोरों को एक स्थान पर छापा मारकर पकड़ लिया। उनके पास से लूटा गया मोबाइल व दो चाकू बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम शुलभ सिंह खलीलपुर सीबीगंज व विजय उर्फ कल्लू निवासी इंदिरा नगर कॉलोनी सीबीगंज बताया है इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया कि मोबाइल छीनने के बाद उसका सिम फेंक दिया और उसे ग्राउंड में ही ईंटों के नीचे छुपा दिया। दोनों आरोपी चाकू का इस्तेमाल डराने के लिए करते थे। थाना सीबीगंज के प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि एक युवक से मोबाइल छीना गया था। पुलिस पहले से ही सक्रिय होकर चोर लुटेरों की तलाश कर रही है। सूचना मिलते ही दोनों युवकों को पकड़ लिया गया और उनके पास से मोबाइल बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर वीरांगना रत्न सम्मान प्रदत्त किया गया

वेलकम इंडिया



**झांसी!** लायन्स क्लब झांसी किंग्स, झांसी के सौजन्य से होली मिलन समारोह के अवसर पर अयोध्यापुरी में सुन्दरकाण्ड महिला धर्म समिति की 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर ₹वीरांगना रत्न₹ सम्मान प्रदत्त किया गया।

समिति द्वारा सुन्दरकाण्ड एवं भजन संध्या प्रस्तुति उपरान्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मैथिली शरण मुदगिल, विशिष्ट अतिथि आचार्य पं. हरि ओम थापक, सुनीता शर्मा, डॉ प्रदीप पाण्डेय को लायन्स क्लब झांसी किंग्स के चार्टर अध्यक्ष लॉ आनन्द कुमार सक्सेना, सचिव लॉ अनुपमा सक्सेना एवं पं. सिया रामशरण चतुर्वेदी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में समिति संरक्षक सुनीता शर्मा, अध्यक्ष शांति थापक, सदस्यगण- अनीता नीखरा, मनीषा सिरोठिया, सरोज पाठक, उमा पांडेय, सीमा शुक्ला, विनीता शुक्ला, आभा शुक्ला, दीपा श्रीवास्तव, शिखा राय, निशा चतुर्वेदी, गीता राजपूत, शिल्पी अग्रवाल, रजनी तिवारी, विनीता सिंह, मनोरमा अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, ज्ञान व्यास, संगीता गुप्ता, सीमा गुप्ता, राखी श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, स्नेह राजावत, लक्ष्मी अग्रवाल, स्नेहा राठौर, मंजू गुप्ता, शशि गुप्ता, माधवी जुनेजा, सीमा मलिक, ज्योति मलिक, रूपाली भार्गव, सुमन पाठक, प्रीति राय, भावना सिंघल, ज्योति वर्मा, सुधा खरे, लक्ष्मी अग्रवाल, रमा श्रीवास्तव, पूनम थापक आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी ने एवं लायन्स क्लब के अध्यक्ष आनन्द कुमार सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बरेली में धड़ल्ले से हो रही थी मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी थमने का नाम ही नहीं ले रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच में जिले में सरसों का तेल, नमकीन, काजू बर्फी, मैदा, बेसन, भैंस का दूध, पनीर, खोया समेत कई खाद्य पदार्थ मिलावटी पाए गए हैं। जिसको लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) द्वारा की गई जांच में 129 नमूनों में से 75 नमूने फेल हो गए हैं। इनमें से 19 खाद्य पदार्थ तो ह्लअनसेफह्व पाए गए, जबकि 55 में मिलावट की पुष्टि हुई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मार्च 2025 में अब तक 129 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे गए थे।

# पुरानी पेंशन योजना से आक्षादित शिक्षकों का जीपीएफ कोड एलाट करें डीआईओएस

वेलकम इंडिया



**बस्ती/ संतकबीरनगर।** वुधवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल जिला विद्यालय बस्ती जगदीश प्रसाद शुक्ला से मिला। मुलाकात के दौरान तीन सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित किया है और विन्दुवार वार्ता की। जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि विगत कई महीनों से एनपीएस अपडेट नहीं है। एनपीएस खातों को अपडेट किया जाय। पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों के एनपीएस खातें को 31 मार्च के पूर्व अपडेट किया जाय। पुरानी पेंशन से आच्छादित शिक्षकों का जीपीएफ खाता जारी करते हुए उक्त खाते में एनपीएस की धनराशि अन्तरित किया जाय।

नेताद्वय ने कहा कि बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन 2025 में कार्य कर रहे परीक्षकों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित की जाय। 31 मार्च 2025 तक सेवा निवृत्त प्रधानाचार्यो / शिक्षकों की पत्रावली उप शिक्षा निदेशक बस्ती मण्डल बस्ती कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित की जाय। जिले के सभी विद्यालयों की वरिष्ठता सूची दिनांक 31 मार्च 2025 तक जारी की जाय। नोशनल पेंशन इन्क्रीमेन्ट अवशेष बचे फाइलों को अविलम्ब उप शिक्षा निदेशक बस्ती मण्डल बस्ती को प्रेषित की जाय। संतकबीरनगर के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के बकाया जीपीएफ धनराशि को ब्याज सहित वापस करने का मुद्दा उठाया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा की मेरे द्वारा बार-बार पत्र लिखा जा रहा है किंतु जिला विद्यालय निरीक्षक संत कबीर नगर वास्तविक सूचना उपलब्ध नहीं कर रहे हैं, जिससे कोषागार से धनराशि का सत्यापन नहीं हो पा रहा है। बिना सत्यापन के धनराशि की डिमांड नहीं भेजी जा सकती है। वार्ता के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह, प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम पूजन सिंह, मंडलीय मंत्री अरुण कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार,

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुधारा उ0नि0 कृष्णकान्त मिश्रा, का0 भीम कुमार, म0का0 आरती सिंह ने मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 68/2025 धारा 137(2) बीएनएस थाना दुधारा के मामले में वांछित अभियुक्त अफरान पुत्र जाकिर अली निवासी सिया कटाई टोला भंगुरी थाना दुधारा को टेमा रहमत तिराहे के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादी द्वारा थाना दुधारा पर वादी की नतनी को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# व्यापारियों की अनदेखी और उपेक्षा नही होगी बर्दाश्त



वेलकम इंडिया

- सरयू पुल का निर्माण तीन दिन में पूर्ण नही करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी
- जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

**बागेश्वर।** नगर के सरयू नदी पर स्थित सरयू पुल का निर्माण कार्य रुकने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ ही नगर के कई व्यापारियों का सड़क मार्ग बंद होने से व्यापार प्रभावित होने साथ ही पूर्व में ऐतिहासिक पैदल पुल को आवागमन के लिए बन्द किए जाने और पूर्व में आंदोलन के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा आश्वासन के बाद भी पुल निर्माण कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत नही होने सहित जलसंस्थान विभाग द्वारा व्यापारियों को हजारो के बिल भेजे जाने से व्यापार मंडल खफा है।व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष कवि जोशी ने तीनों समस्याओं को लेकर व्यापारियों का व्यापार प्रभावित होने से व्यापारियों को आर्थिक तंगी से गुजरने का आरोप लगाते हुए व्यापारियों की उपेक्षा करने के आरोप जिला प्रशासन पर लगाए है। व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया।और शीघ्र मोटर पुल को यातायात के लिए खोलने, और अब तक हुए निर्माण कार्य मे एनएच विभाग द्वारा निर्माण कार्यो के लिए बजट नही होने की बात कहते हुए बिना बजट स्वीकृत के मोटर पुल की मरम्मत करने को केवल बजट की बबार्दी बताया और इसके लिए व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग जिलाधिकारी से की है।साथ ही निर्माण कार्य को पुनः शुरू कर धन स्वीकृत के लिए प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने जिला प्रशासन को पुल के निर्माण के लिए धन स्वीकृत नहीं होने पर नगर के व्यापारियों द्वारा अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है। नगर अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में व्यापारी बुधवार को कलक्ट्रेट में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सरयू नदी पर बना झूला पुल दो साल से बंद है। डीपीआर बनने के 53 दिन बाद भी अभी तक इसके लिए धन स्वीकृत नहीं हुआ है।पुल बंद होने से उनका कारोबार ठप हो गया है। कई बार मांग करने के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं खुल रही है।इसके अलावा नगर के होटल, मिठाई कारोबारियों का पानी का बिल सात से 11 हजार तक हर महीने का दिया जा रहा है। यह भारी भरकम बिल चुकाना कारोबारियों को भारी पड़ रहा है।पुल बंद होने से उनका कारोबार पहले से ही ठप है।इसके ऊपर से हजारों का बिल थमा दिया है। व्यापारियों ने सख्त लहजे में कहा कि यदि तीन दिन के भीतर धन स्वीकृत नहीं हुआ तो वह अनश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार रहा। इस मौके पर उपाध्यक्ष हेम जोशी, राजेंद्र गिरी, सचिव पुष्कर सिंह किरमोलिया,कोषाध्यक्ष जगदीश कार्की, राहुल साह, इंदू चौधरी, संजू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गोवर्धन का कण कण बोला जय कन्हैया लाल की



वेलकम इंडिया

**गोवर्धन।** मुखिया गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पंडाल में मौजूद भक्त नंद घर आनंद भाई जय कन्हैया लाल की भजनों के साथ झूम उठे वही भक्तों ने भगवान को माखन मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया।

व्यास पीठ से निमोर्ही अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन मोहन दास जी महाराज ने कहा कि जब भी भागवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो तब विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब धरती पर अधर्म बढ़ता है। तब तब भगवान अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं। श्री कृष्ण की जन्म कथा से पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहाकि भगवान श्री राम ने आदर्श स्थापित किया। राम जन्म ताड़का वध राम विवाह वनवास रावण वध राम राज्य अभिषेक पर सुंदर व्याख्यान दिए। उन्होंने कहा द्वापर में जब कंस के अत्याचार बड़े तब भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लेकर कंस के अत्याचारों से पृथ्वी लोक को मुक्ति दिलाई। छोटे स्वरूप में कान्हा बने बच्चों को लाड़ लड़ाने के लिए होड़ मच गई। नंदोत्सव पर व्यासपीठ से खिलौने मिठाई बांटे गए। पूर्व चेयरमैन गोर गोपाल मुखिया व सतीश मुखिया ने बधाई स्वरूप प्रसाद और खिलौने वितरण किए। रेखा पूजा नंदनी शिवानी डौली ने नृत्य किया। केशव मुकुंद मोहित राहुल लखन पंकज ने आरती उतारी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने की गौशाला की साफ-सफाई, गौमाता की सेवा



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मथुरा जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने गौ सेवा भाव से गौशाला में पल रही गायों की सेवा की एवं अपने हाथों से पूरे गौशाला परिसर की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

गऊ माता में 33 करोड़ देवता विराजमान रहते हैं उन्हीं कामधेनु की सेवा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी प्रतिदिन करते हैं। जिपंअ आज सुबह अपने आवास से सीधे केएम विश्वविद्यालय परिसर स्थित गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गौशाला में पल रही गायों को स्नेह-प्रेम-दुलार किया तथा गौशाला की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता मानव जीवन के लिए जरूरी है वहीं गौशाला में साफ सफाई रहने से गौवंश बीमार नहीं पड़ते है। हमारे हिन्दू संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। हिन्दुस्तान में गौ को माता का रूप दिया गया है। गौ माता के साथ सनातन काल से आस्था भी जुड़ी हुई है। हमें गौ माता की रक्षा व सुरक्षा संतान की तरह करनी चाहिए।

गौ माता इस धरती में सबसे पावन पशु है उसमें देवताओं का वास है। भगवान की कृपा पाने हमें सच्चे मन से गौ सेवा का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के साथ वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# नववर्ष मेला प्रतियोगिताओं में दिखेगी भारतीय संस्कृति की झलक

## दो दिन 27 एवं 29 मार्च हो होगी प्रतियोगितायें

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वावधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत 2082 की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को आयोजित विशाल नववर्ष मेला में विभिन्न प्रतियोगिताएं दो दिन 27 एवं 29 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर और सेठ वी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित होगी। प्रतियोगिताओं के आवेदन हेतु सरस्वती शिशु मंदिर और सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय केंद्र बनाए गए हैं। प्रतियोगिताओं में भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई देगी। नववर्ष मेला समिति प्रतियोगिता विभाग की बैठक मंगलवार को देर सायं सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में आयोजित हुई। मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि चैत्रशुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को नववर्ष मेला समिति द्वारा विभिन्न आकर्षणों से युक्त मथुरा का परम्परागत नववर्ष मेला सेठ बी०एन० पोद्दार इण्टर कॉलेज मथुरा के मैदान में विशाल रूप से आयोजित किया जा रहा है। मेला मंत्री एवं प्रतियोगिता प्रभारी डॉ० दीपा अग्रवाल ने बताया कि 27 मार्च को सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर में सायं 5 बजे से प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। इसमें महिलाओं के लिए जूनियर और सीनियर वर्ग में मेंहदी प्रतियोगिता, छात्र छात्राओं के लिए जूनियर और सीनियर वर्ग में पोस्टर बनाओ, रंग भरो, सामान्य ज्ञान और निबंध प्रतियोगिता होगी । इसमें जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 और सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

प्रतियोगिता संयोजक हरवीर सिंह चाहर ने बताया कि मेला के दिन 29 मार्च को सायं 5 बजे से मेला स्थल सेठ वी० एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में जूनियर और सीनियर वर्ग में रंगोली प्रतियोगिता, लोकगीत, सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता और बच्चों के लिए रूप सज्जा प्रतियोगिता होंगी। लोकगीत प्रतियोगिता में लोकगीत का गायन किसी भी भारतीय अथवा क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में 5 से 12 वर्ष तक के बालक- बालिकायें भाग ले सकते हैं। एकल नृत्य प्रतियोगिता में 5 वर्ष से अधिकतम 12 वर्ष तक के बालक बालिकायें भाग ले सकते हैं। सामूहिक नृत्य एवं एकल नृत्य के गीत धार्मिक, सामाजिक, देशभक्ति पर आधारित होंगे। एकल व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का ट्रायल 28 मार्च को सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर मथुरा में होगा। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 25 मार्च की दोपहर 2 बजे तक है। मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा के अनुसार प्रतियोगिता के पुरस्कार 29 मार्च रात्रि 9 बजे मेला स्थल पर होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में दिये जायेंगे। बैठक में प्रतियोगिता सह संयोजक योगेश कुमार, दीपेश श्रीवास्तव, गंगाधर अरोरा, रंजन चूड़ामणि, ब्रजनंदन सिंह, वृषभान गोस्वामी, दद्दन सिंह, रुक्मपाल, फूलचंद, महेश गोस्वामी, सोम कुमार लवानिया, ठाकुर लाल, रविंद्र प्रताप सिंह, अंजू गौतम, सुरेश कुमार, सीमा यादव, डॉ० जमुना शर्मा, दीपा चतुर्वेदी, अनामिका दीक्षित, सीमा मिश्रा, डॉ० रूचि अग्रवाल, रजनी भट्ट, दिनेश कुमार, अशोक बंसल, अनमोल अग्रवाल, विवेक दुबे एवं कान्हा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गोमतीनगर स्टेडियम में उत्तर रेलवे की अंतर्मण्डलीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** गोमतीनगर में स्थित स्टेडियम में उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा अंतर्मण्डलीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उदघाट्न मुख्य अतिथि, मंडल रेल प्रबंधक, एस. एम. शर्मा ने किया। नॉक आउट बेस पर होने वाली यह प्रतियोगिता आगामी 20 तारीख तक चलेगी क इसमें उत्तर रेलवे के मुख्यालय की टीम तथा लखनऊ, दिल्ली, अंबाला एवं फिरोजपुर मंडलों सहित कुल 05 टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता का फाइनल 20 तारीख को खेला जाएगा तथा पुरस्कार विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा, आज का उदघाट्न मैच फिरोजपुर और अंबाला मण्डल जबकि आज का दूसरा मैच लखनऊ एवं दिल्ली मंडलों की टीमों के बीच खेला गया। उद्घाटन के इस अवसर पर मैच से पूर्व मंडल रेल प्रबंधक ने मैच खेलने वाली टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा सभी को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने खेलों को जीवन का अनिवार्य अंग एवं आपसी सौहार्द्र तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को अपनी शुभकामनाएं दीं तथा सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपेक्षा की। इस अवसर पर मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सी.एंड डब्ल्यू.), देवेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं दर्शकगण उपस्थित रहे।



# मासूम तसनीम फातिमा ने पहला रोजा मुकम्मल किया

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के गांव दुधारा निवासी व पत्रकार मुहम्मद परवेज अख्तर की पुत्री तसनीम फातिमा (7) पहला रोजा मुकम्मल किया। तसनीम फातिमा के पहला रोजा मुकम्मल करने पर पूरे परिवार में खुशी छाई है। एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के सेवानिवृत प्रधान लिपिक हाजी उबैदुर्रहमान खां की पौत्री तसनीम फातिमा के रमजान मुबारक के पहला रोजा मुकम्मल करने पर बाबा हाजी उबैदुर्रहमान खां, पिता मुहम्मद परवेज अख्तर, भाई मुहम्मद जैद, मुहम्मद अदनान, मुहम्मद रेहान, चाचा मुहम्मद जावेद अख्तर, मुहम्मद जुनेद अख्तर, मुहम्मद सुहेल अख्तर, मुहम्मद सलमान अख्तर, मुहम्मद इमरान अख्तर, महफूजुर्रहमान, सहित प्रधानाचार्य मुनीर आलम खां, हाजी मुहम्मद नजीर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, संजय द्विवेदी, ग्राम प्रधान अब्दुल कलाम, अहमद जमाल अंसारी, पूर्व प्रधान मुहम्मद मुस्तफा, अब्दुर्रहीम उर्फ लाला, मास्टर मुहम्मद शाहिद, जिला पंचायत सदस्य मो अहमद, जफीर अली करखी ,हाफिज एजाज मुनीर, अतहरूल बारी, महबूब पठान, मुहम्मद आफताब आलम अंसारी सहित परिवार के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए तसनीम फातिमा को बधाई इनाम दिए और ढेर सारी दुआएं दीं है।

## मेरठ स्थित आबू का मकबरा तोड़ने पर 50 लाख और औरंगजेब की कब्र तोड़ने पर एक करोड़ का इनाम

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** मेरठ के हिंदूवादी नेता सचिन सिरोही ने घोषणा की है कि यदि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार और महाराष्ट्र सरकार या कोई और व्यक्ति मेरठ स्थित आबू का मकबरा और औरंगजेब की कब्र को तोड़ता है या सरकार द्वारा उसे पर बुलडोजर चलाया जाता है मेरठ का अब्बू के मकबरे पर ऐसा करने के लिए 50 लाख एवं औरंगजेब की कब्र के लिए एक करोड़ का इनाम दिया जाएगा उन्होंने कहा कि भारत के 100 करोड हिंदू इंतजार में है कि कब औरंगजेब की कब्र को तोड़ा या उसे पर बुलडोजर चलाया जाएगा साथ ही उन्होंने मेरठ के मुख्य बाजार आबू लेन एवं शहर का तमाम गंदा पानी निकालने के लिए आबू का नाला औरंगजेब के वजीर के नाम पर है इसके लिए भी उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि इनका नाम भी अति शीघ्र बदल दिया जाए।

## शाखा प्रबंधक अमित कुमार बोले...हर ग्राहक को मिलेंगी समान सुविधाएं

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**माल, लखनऊ।** सौम्य व्यवहार से ही विवेक की उत्पत्ति होती है। धन कमा लेना आसान है लेकिन उसे संग्रहित रखना कठिन है।इस दोहे को मवई शाखा के शाखा प्रबंधक अमित कुमार कर रहे चरितार्थ अर्थात अमित कुमार अपने सौम्य व्यवहार की वजह से शाखा के अंतर्गत आने वाले लाखों खाता धारकों के दिलों में राज कर रहे हैं। आपको बता दें कि माल ब्लॉक के



अंतर्गत मवई में स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक अमित कुमार सरल एवं सौम्य व्यवहार के व्यक्ति हैं,शाखा प्रबंधक की खूबी यह है कि पीड़ित जब चाहे जैसे चाहे शाखा प्रबंधक से मिल कर अपना दर्द बयां कर सकता है।खाता धारकों के दर्द को गंभीरता सुन कर अमित कुमार तत्पर्यता से समस्या का समाधान भी करते हैं।पीड़ित की हर संभव मदद करते हैं,जिससे शाखा प्रबंधक अमित कुमार शाखा के अंतर्गत आने वाले खाता धारकों के दिलों में धीरे धीरे राज करने लगे हैं। टीम से खास बातचीत में शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि बैंक के लिए हर ग्राहक समान है।

## प्रतियोगिता फार्म को बनाएं गए 10 केंद्र



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए समिति द्वारा दस स्थानों सरस्वती शिशु मन्दिर दीनदयाल नगर, सरस्वती शिशु मन्दिर कृष्ण गंगा, सरस्वती शिशु मन्दिर माधवपुरी, सरस्वती शिशु मन्दिर चामुंडा मार्ग, श्री चन्दन सिंह यादव सरस्वती शिशु मन्दिर सदर बाजार, श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड, मदनमोहन कलावती सरस्वती विद्या मन्दिर चन्द्रावली, विनोद कुमार कोयला वाला सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन रोड, कृष्ण चन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज माधव कुंज, बाबू दाऊदयाल एड. सरस्वती विद्या मंदिर साँख निर्धारित किए हैं। प्रतिभागी निर्धारित स्थानों से प्रतियोगिता के फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

## सिंभावली पुलिस ने 12 लाख की चोरी की गई सागौन की लकड़ी से भरी महिंद्रा पिकअप सहित चार लकड़ी तस्करों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़/सिंभावली** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए नवादा शहर पटरी से सिंभावली और बाबूगढ़ क्षेत्र से चोरी की गई।लगभग 12 लाख रुपए की सागौन की लकड़ी से भारी महिंद्रा पिकअप गाड़ी सहित चार लकड़ी तस्कर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें कि सिंभावली क्षेत्र एवं बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में गत दिनों बहुत बड़े पैमाने पर सागौन के पेड़ों की कटाई कर लकड़ी चोरी की गई थी। जिसको लेकर सिंभावली पुलिस लकड़ी चोरों की तलाश में जुटी हुई थी।जिसके चलते थाना प्रभारी सुमित तोमर ने अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए नवादा नहर पटरी से चोरी की गई। सागौन की लकड़ी से भारी महिंद्रा पिकअप सहित शकील,रईस,माजीद, और नाजिम को किया गिरफ्तार। वही इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी विनीत पटना करने बताया कि गिरफ्तार किए गए। चारों लोग शातिर किस्म के लकड़ी चोर है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप गाड़ी और सिंभावली थाना क्षेत्र एवं बाबूगढ़ क्षेत्र से चोरी की गई। लगभग 12 लाख रुपए की सागौन की लकड़ी बरामद की गई है। चारों सदस्यों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**बुलंदशहर।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (निरीक्षण भवन) बुलन्दशहर में सदस्य राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सरकार डॉ हिमानी अग्रवाल ने महिला कल्याण विभाग एवं सुरक्षा से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सदस्य ने कुपोषित बच्चों की देखभाल व सहायता राशि, बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्य पूर्ण करने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की गुणवत्तापूर्ण देखभाल का शिक्षित बनाने व महिलाओं को जागरूक करने हेतु कैम्प लगाने के निर्देश दिए साथ ही समस्त ग्रामों में महिलाओं की कमेटी गठित कर, महिला सशक्तीकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश दिए।

## सरकारी स्कूल में रोजा इफ्तार पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर।** नगर के प्राथमिक विद्यालय में रोजेदारों ने रमजान के बाद इफ्तार पार्टी आयोजित की गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वायरल वीडियो में सैकड़ों रोजेदार इफ्तार पार्टी में शामिल हुए दिखाई दे रहे हैं। जबकि सरकार का कहना है कि किसी भी सरकारी संस्थान में बिना परमिशन के कोई किसी प्रकार की पार्टी या कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा उसके बाद भी नगर के प्राथमिक विद्यालय में रोजेदारों के द्वारा सरकारी विद्यालय में इफ्तार पार्टी का कार्यक्रम आयोजित कराया गया है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी अमन कुमार गुप्ता से बात की गई है तो उन्होंने बताया है कि मामला संज्ञान आया है और यदि कोई कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किया गया तो एक दम गलत है।इस मामले से बीएसए को अवगत कराया गया है। संबंधित इंचार्च के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उधर इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुलंदशहर लक्ष्मीकांत पांडे से वार्ता कि गई तो उन्होंने बताया है कि सरकारी विद्यालय में रोजा इफ्तार पार्टी कार्यक्रम आयोजन का मामला संज्ञान में आया है वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है विद्यालय के प्रधानाचार्य को कारण बताओं नोटिस व वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे लोगों के खिलाफ संबंधित कार्यवाही की जाएगी।

## पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर स्याना अड्डे के पास से चैकिंग के दौरान तीन शातिर चोरो करन कुमार पुत्र यादराम निवासी मौहल्ला सुल्तान नगर थाना गजरौला जनपद अमरोहा और अभिषेक पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम चकनवाला थाना गजरौला जनपद बुलन्दशहर और राजा पुत्र दानवीर सिंह निवासी ग्राम जैनपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलंदशहर को चोरी के एक ट्रैक्टर ट्राली, घटना में प्रयुक्त बाइक व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## टैक्स का चैक बाउंस हुआ है तो होगी एफआईआर

**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** जिन लोगों ने टैक्स जमा कराने के लिए चैक से भुगतान किया था, और उनके चैक बाउंस हो गए है, ऐसे लोगों ने यदि दो दिन के भीतर टैक्स जमा न कराया तो उनके खिलाफ एफआईआर कराते हुए कानूनी कार्रवाई करायी जायेगी। इस सम्बंध में आज नगरायुक्त ने टैक्स वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज टैक्स वसूली की समीक्षा करते हुए वसूली में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए फटकार लगायी। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष कितनी वसूली हुयी इसकी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन राजस्व निरीक्षकों (आरआई) एवं कर संग्रहकर्ताओं (टीसी) का कार्य संतोषजनक नहीं है और उन्होंने अपना गत वर्ष जितना भी लक्ष्य पूरा नहीं किया है ऐसे आरआई एवं टीसी को दो दिन का सस्पेंशन नोटिस आज ही जारी कर दें और यदि वे 25 मार्च तक लक्ष्य पूरा नहीं करते तो उन्हें सस्पैंड कराएं। उन्होंने अपर नगरायुक्त राजेश यादव को भी 25 मार्च तक टैक्स वसूली की समीक्षा कर कार्रवाई की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

## भाकियू संघर्ष (अराजनैतिक) राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकताओं ने किसानो की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर दिया धरना

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष

सरनजीत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को देखते हुए तहसील मुख्यालय गढ़मुक्तेश्वर पर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में किसान पहुंचे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर ने बताया कि कोथला खादर में किसानों की जमीन पर भूमाफियाओं के द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है। जिसकी जानकारी लगातार तहसील प्रशासन दी गई।परंतु प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समस्या का कोई भी समाधान नहीं किया गया। जिसका समाधान करने को लेकर प्रशासन ने 2 दिन का समय मांगा है। जिसमें भाकियू (अराजनैतिक) कार्यकताओं के द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अगर दो दिन के अंदर किसानों की समस्याओं का उचित समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) एक बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। वहीं गढ़ मेरठ रोड पर बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण रोजाना कोई न कोई सड़क दुर्घटना होती है जिसमें लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ रही है।



## बाबूगढ़ पुलिस ने माल निस्तारण अभियान के चलते मुकदमाती से संबंधित 181 बैग नकली गोल्ड स्टार मार्का जूते एवं शराब को किया नष्ट



**हापुड़/बाबूगढ़** पुलिस के द्वारा माल निस्तारण अभियान के चलते मुकदमाती से संबंधित गोल्ड स्टार नकली जूते एवं शराब को कराया गया नष्ट।बता दें कि थाना बाबूगढ़ पर माल निस्तारण अभियान के अंतर्गत माल मुकदमाती से सम्बन्धित 181 कट्टे गोल्ड स्टार मार्का (नकली) कुल 5430 जोडी जूते गोल्ड स्टार व 4460 अधबने जूते गोल्डस्टार मार्का( नकली) सम्बन्धित मु0अ0सं0 358/20 धारा 420/467/468/471 भादवि0 व 103/104 ट्रेड मार्क अधिनियम व 63/65 कापीराइट एक्ट एवं 22 विभिन्न अभियोगों से बरामद लगभग अवैध देशी शराब को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नष्ट कराया गया

## प्रदेश का पहला प्लांट होगा सहारनपुर का सीबीजी गैस प्लांट

**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** शहरी विकास के विभिन्न आयामों का अध्ययन करने पणजी नगर निगम जा रहे पार्षदों के दल को आज नगरायुक्त संजय चौहान ने सहारनपुर द्वारा सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए किये जा रहे कार्यो एवं बनायी जा रही योजनाओं से अवगत कराया, ताकि पणजी नगर निगम के साथ उसे साझा किया जा सके। पार्षदों को स्मार्ट सिटी की कुछ विशेष परियोजनाओं की भी जानकारी दी गयी। उधर महापौर डॉ. अजय कुमार ने भी पार्षद



दल के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सहारनपुर निगम की सशक्त प्रस्तुती देने को कहा। निगम के महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार भी पार्षद अध्ययन दल में शामिल रहेंगे। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि पार्षदों का एक 28 सदस्यीय दल पणजी नगर निगम में शहरी विकास के विभिन्न आयामों का अध्ययन करने जा रहा है जो वहां जल निस्तारण, जल संरक्षण, जल निकासी, सफाई व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन व मनोरंजन आदि जटिल विषयों पर तीन दिन के दौरान विभिन्न सत्रों में चर्चा करेगा। जिससे कि वहां प्रयोग की जा रही तकनीक, ज्ञान एवं कार्यो का अनुभव लेकर शहर में विकास के विभिन्न आयामों में हिस्सेदारी कर सकें। उन्होंने कहा कि सहारनपुर नगर निगम ने पार्षदों के स्तर पर अध्ययन का यह अनूठा प्रयोग शुरू किया है। इससे पूर्व प्रदेश के महापौर सीईपीटी यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में अहमदाबाद व सूरत आदि नगर निगमों का दौरा कर चुके हैं। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित 16 वे वित्त की तैयारी बैठक में भी सहारनपुर के महापौर डॉ. अजय कुमार प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज पार्षद दल को बताया कि मुंबई के बाद पणजी विकास की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण एवं व्यवसायिक नगर है। उन्होंने बताया कि देश में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए पणजी नगर निगम का उदाहरण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्षद दल को जहां पणजी के विकास एवं महत्वपूर्ण योजनाओं का अध्ययन करना है वहीं सहारनपुर नगर निगम की योजनाओं को भी सशक्त एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना होगा। नगरायुक्त ने नगर निगम सहारनपुर द्वारा सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तीन चरणों पहला-प्राइमरी क्लेक्शन, दूसरा-ट्रांस्पोर्टेशन तथा तीसरे-साइंटिफिक डिस्पोजल के सम्बंध में स्मार्ट स्क्रीन पर विस्तार से समझाते हुए जानकारी दी। नगरायुक्त ने बताया कि पणजी द्वारा सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट की खाद बनाने की तकनीक काफी पुरानी हो चुकी है।

# ग्राम प्रधान पति ने मस्जिदों के पेश इमामों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के सचिवालय में कुरान ए करीम मुकम्मल होने पर ग्राम प्रधान पति राशिद जंग ने ग्राम पंचायत की सभी मस्जिदों के पेश इमामों को नगद पुरस्कार सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

माहे रमजान के मुबारक महीने में मुस्लिम समुदाय के द्वारा मस्जिदों व अन्य स्थानों पर एक विशेष नमाज तरावीह की नमाज अदा की जाती है। मुस्लिम समुदाय के द्वारा तरावीह की नमाज में हर्षोउल्लास के साथ प्रतिभा किया जाता है। खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के ग्राम पंचायत सचिवालय में भी मंगलवार की शाम को कुरान ए करीम मुकम्मल होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों को किताब करते हुए मौलाना रऊफ साहब ने फरमाया कि रमजान के मुबारक महीने में अल्लाह ताला एक नेकी के बदले सत्तर नेकी आता फरमाते हैं। रमजान के मुबारक महीने में इंसान को कुराने करीम की तिलावत करने के साथ-साथ रोजे का भी अहतमाम करना चाहिए। अल्लाह ताला रोजे का बदला खुद अपने हाथ से देंगे। कारी याकूब ने कार्यक्रम में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों को खिताब करते हुए फरमाया कि इंसान को हमेशा गुनाहों से बचना चाहिए और नेक काम करते रहना चाहिए। कुरान ए करीम मुकम्मल होने पर ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के द्वारा ग्राम पंचायत गंगेरू की 40 मस्जिदों के पेश इमामों को 3100-3100 रुपए का नगद पुरस्कार व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति राशिद जंग ने कहा कि रमजान के महीने के साथ ही अन्य महीनों में भी धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा कायम होता है। कार्यक्रम में उलेमाओं के द्वारा देश में अमन चैन के लिए दुआ कराई गई। इस दौरान मौलाना ओवैस, मौलाना आरिफ, कारी उस्मान, कारी खालिद, गुड्डू, ओवैस अंसारी, वसीम सैफी, बिलाल, कादिर जंग, इंजमाम, मुसव्विर जंग, नफीस मलिक, मुनीर जंग, इरशाद हकीम सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बागवानी मिशन के तहत किसानों को वितरण किया गया टिलर मशीन



वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** जिला उद्यान कार्यालय में एकीकृत बागवानी मिशन के तहत 20 किसानों को टिलर मशीन वितरण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल ने बताया कि टिलर मशीन से अब किसान अपने खेतों की जुताई कर सकते है इस टिलर मशीन में किसानों को पचास से सत्तर हजार तक का अनुदान दिया गया है। किसान इस यंत्र से बागवानी की जुताई अच्छे से कर सकते है यह मशीन डीजल और पेट्रोल से भी चलाई जा सकती है। उद्यान अधिकारी नन्हे लाल ने किसानों को टिलर मशीन वितरण कर शुभकामना भी दिया और कहा कि उद्यान से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर सहायक उद्यान निरीक्षक मारुति नंदन, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पीएन राम, उद्यान सहायक संदीप वर्मा, एवं जिला रिसोर्स पर्सन प्रमोद कुमार दूबे आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने प्रदर्शनी बुलंदशहर के शुभारंभ के लिए चल रही तैयारियों का लिया जायजा



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** जिला कृषि, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, बुलंदशहर के शुभारम्भ के लिए चल रही तैयारियों का जिलाधिकारी श्रुति ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। इस अवसर पर जिला प्रदर्शनी के इतिहास के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही आयोजित होने वाले कार्यक्रमों आदि के बारे में भी जानकारी लेते हुए निर्देशित किया गया कि शेष तैयारियों को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रमों को आयोजित कराया जाए। विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए लगाए जाने वाले प्रदर्शनी स्टॉल को भी समय से लगाया जाए। इस अवसर पर सीडीओ कुलदीप मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा प्रशांत कुमार, डीडीओ सुभाष नेमा सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमपुर गौटिया में वार्षिकोत्सव मनाया गया





वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में प्रतिदिन लाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शारदा कार्यक्रम चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अभिभावकों को सरकारी योजनाओं से रूबरू कराना है, इसी को ध्यान में रखते हुए क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय प्रेमपुर गौटिया में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में अभिभावकों को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान पंकज गंगवार ने कहा कि जब तक अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय नहीं भेजेंगे तब तक भौतिक संसाधनों के रूप से बेहतर विद्यालय भी गुणवत्ता युक्त शिक्षा नहीं दे सकता। इसलिए शारदा संगोष्ठी का यही संदेश है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के सम्मुख प्रधानाध्यापक कमल भारती एवं ग्राम प्रधान पंकज गंगवार ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया, बच्चों ने इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमल भारती व उनके स्टाफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष माखनलाल, वरिष्ठ अध्यापक महेश हरियाणा, कल्पना पांडे, कामिनी चौहान, दीपमाला आर्य, पुष्पा गंगवार, प्रदीप कुमार, सतीश चंद्रा के साथ सहयोगी के रूप में राजपाल और अभिभावकों में विक्की, तेजपाल, पतिराम आदि उपस्थित रहे।

# स्कूल एसोसिएशन की बैठक होली मिलन समारोह के साथ सम्पन्न





वेलकम इंडिया

**डिबाई-**:नगर डिबाई नगर के एक निजी स्कूल में ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ स्कूल मैनेजमेंट द्वारा नए सत्र से पूर्व होली मिलन समारोह के साथ साथ एक बैठक भी आहूत की गई कार्यक्रम के आयोजक इंटैक्ट पब्लिक स्कूल के मैनेजर विजय भारद्वाज ने सभी मैनेजर्स का माल्यार्पण करके व गुलाल लगा कर सम्मान किया।

इसके बाद कार्यक्रम में बड़े ही धूमधाम से होली का उत्सव गुलाल, और डांस के साथ मनाया गया वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज प्रकाश, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता(युवराज) व सदस्य आर्यन दुबे ने अपने लाइव गीतों से सभी का मन मोहा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज प्रकाश ने सभी स्कूलों को एक मंच पर एकजुट रहने का आह्वान किया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता (युवराज) (ग्लोबल पब्लिक स्कूल खुदादिया, ग्लोबल किड्स प्ले स्कूल डिबाई) ने सभी स्कूलों के मैनेजर का आभार व्यक्त किया।

# क्षतिग्रस्त नाला निर्माण और सफाई कराने की मांग



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के मोहल्ला रायजादगान निवासी कई लोगों ने क्षतिग्रस्त नाले का निर्माण और सफाई कराने की मांग करते हुए अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है? बुधवार को नगर के मोहल्ला रायजादगान स्थित वार्ड नंबर एख के निवासियों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि मोहल्ले में पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण किया हुआ है। नाला काफी दिनों से क्षतिग्रस्त हो गया है जिस कारण उसमें गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। नाले के निकट बाल श्मशान भूमि है बरसात होते ही बाल शमशान की भूमि में गंदे नाले का पानी घुस जाता है। और नाले में जहरीले मच्छरों ने अपने घर बना रखे हैं, मच्छरों के काटने से कई लोग बीमार हो गए हैं। नाला निर्माण और सफाई नहीं होने से मोहल्ले के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने शिकायत करने वाले लोगों को जल्दी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

# आदर्श नशा मुक्ति केंद्र में युवक की हत्या



वेलकम इंडिया

**बिजनौर :** नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव लिंडपुर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में एक युवक की हत्या हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लिंडरपुर स्थित आदर्श नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव रवाना शिकारपुर निवासी फैजल पुत्र समसुल हसन की 18/19 मार्च की रात को गौरव पुत्र जगदीश निवासी हरगनपुर थाना नगीना देहात जनपद बिजनौर व अमित पुत्र गजराज निवासी गौहावर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर ने गला दबाकर कर मुंह में कपड़ा ठूंस कर हत्या कर दी। नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ को जानकारी मिलने पर फैजल को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी सूचना परिजनों को और पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा संबंधित अपराधियों को हिरासत में ले लिया गया। साथ ही पंचनामे की कार्यवाही कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एएसपी ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम करवाई मे जुट गई है।

## प्रेमी संग फरार हुई युवती, दो के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने गांव के युवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस गांव के दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि रात्रि के समय वह परिवार के साथ घर पर सोए हुए थे। तभी आरोप है कि गांव के युवक ने उसकी 22 वर्षीय पुत्री को अपने झांसे में लेकर बहला फुसला लिया। गांव का एक अन्य युवक उसकी पुत्री को मोटरसाइकिल पर बिठाकर अपने साथ गांव से बाहर ले गया और छोड़कर वापस आ गया। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग कर अपनी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर गांव के युवक गोविंद एवं एक अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए आरोपी युवक एवं युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# मिजार्मुराद में व्यापारियों ने जमकर उड़ाएं अबीर-गुलाल



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** व्यापार कल्याण समिति की ओर से बुधवार की सांयकाल मिजार्मुराद कस्बा में भगवती काम्प्लेक्स के पास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए जमकर अबीर-गुलाल उड़ाएं। सांस्कृतिक कार्यक्रम व ठंडई का दौर चला। कलाकारों ने होली खेले मसाने में...रंग बरसे...जोगीरा सररर...होलिया में उड़े ला गुलाल...होली खेले रघुवीरा...समेत अन्य फाग गीतों पर समां बांध खूब वाहवाही लूटी। व्यापार कल्याण समिति के अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह 'पिन्टू' की ओर से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

होली मिलन समारोह में सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि अदिति पटेल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा.महेंद्र सिंह पटेल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, विनय सिंह 'हिटलर', राजेन्द्र गुप्ता, सतीश सिंह, ग्राम प्रधान विजय कुमार गुप्ता 'डब्लू', गौरव गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, प्रिंशु, महेश, नीरज गुप्ता, मुकेश, सुरेन्द्र, डा.अनिल चौबे, शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार), उमेश उपाध्याय, अभिषेक त्रिपाठी, नन्दकिशोर पटेल, सभाजीत यादव, अजय गुप्ता समेत अन्य उपस्थित रहे।

# एमआईटी में 22 मार्च से मृदंग-2025 का भव्य आगाज

वेलकम इंडिया





**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), परतापुर बाईपास में वार्षिक युवा महोत्सव ₹मृदंग-2025₹ का आयोजन 22 और 23 मार्च को किया जाएगा। इस सिलसिले में आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. गौरव शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का वार्षिकोत्सव ₹एक भारत, श्रेष्ठ भारत₹ थीम पर आधारित होगा, जिसमें महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, पश्चिम बंगाल, पंजाब, राजस्थान, बिहार और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों की समृद्ध संस्कृति, व्यंजन और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के पहले दिन 22 मार्च को सोलो डांस, म्यूजिकल गायन, बैटल ऑफ बैंड्स, रैप बैटल, थीम-आधारित फैशन शो और डीजे नाइट जैसी रोमांचक प्रस्तुतियां होंगी।

इसके अलावा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत ₹टॉयकाथॉन 2025₹ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र भारतीय संस्कृति, प्राचीन वेदों और पारंपरिक खेलों पर आधारित खिलौने बनाएंगे। इस पहल का उद्देश्य भारत में घरेलू खिलौना उद्योग को बढ़ावा देना और विलुप्त हो चुके भारतीय खेलों को पुनर्जीवित करना है। दूसरे दिन 23 मार्च को नुक्कड़ नाटक, ग्रुप डांस प्रतियोगिता और विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण मशहूर पंजाबी गायक अमर संधू की लाइव परफॉर्मेंस होगी। अमर संधू अपने हिट गानों ₹बापू तेरे करके₹, ₹लव यू ट्रक भर के₹, ₹रिश्तेदारी₹, ₹चंगा लगदा₹, ₹काला तिल₹ और ₹एक मुंडा₹ के साथ मंच पर धमाल मचाएंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एमआईटी के प्रेस प्रवक्ता अजय चौधरी, डॉ. गौरव शर्मा, प्रेम किशोर शर्मा, रितिमा, सोनल अहलावत सहित छात्र समन्वयक शिवांश, सचिन, प्रियंका, नियाश और प्रशांत मौजूद रहे। ₹मृदंग-2025₹ के माध्यम से एमआईटी छात्रों को सांस्कृतिक विविधता, नवाचार और मनोरंजन का अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा

# घर में घुसकर बुरी नीयत से दबोचने का आरोप मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव डागरोल निवासी महिला ने गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर बुरी नीयत से दबोचने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव डागरोल निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कई दिन पूर्व पीड़िता अपने घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव का ही राजीव पुत्र राजपाल पीड़िता के घर में घुस गया था। आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता को बुरी नीयत से दबोच लिया और पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर पीड़िता का जेठ मौके पर आ गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए गांवों को स्वायत्तता देना अत्यन्त जरूरी : बल्हारा

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** 73 वें संविधान संशोधन में गांव सरकार को दिये गये 29 विभागों का सही तरीके से क्रियान्वयन न होने पर भारत परिषद ने ग्राम स्तर पर अभियान छेडने की चेतावनी दी है। परिषद ने भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए इसे बेहद आवश्यक बताया है। एक प्रेस वार्ता में परिषद के राष्ट्रीय महासचिव योगेन्द्र बल्हारा तथा प्रदेश महासचिव मुल्तान शर्मा ने कहा कि जहां एक ओर केन्द्र सरकार 97 विभागों का सही तरीके से संचालन कर रही है वही उत्तर प्रदेश सरकार 69 विभागों का संचालन कर रही है। गांव सरकार को 29 विभागं दिये गये है लेकिन सभी विभागों का सही तरीके से क्रियान्वयन न होने की वजह से गांवों का विकास नहीं हो पा रहा है उन्होंने कहा की भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए गांवों को स्वायत्तता देना अत्यंत जरूरी है यही महात्मा गांधी जी का भी सपना था। उन्होंने कहा कि आगामी ग्राम पंचायत चुनाव को देखते हुए इसको लेकर एक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जनता को जागरूक किया जाएगा। तथा प्रत्येक सरकारी कार्यालय पर जागरूकता के लिए सूचना पट लगाए जाएगों। उन्होंने ग्रामीण जनता को आगाह किया कि सही तरीके से काम न करने वाले अधिकारियों की खिलाफत करें और इस काम में परिषद उनकी मदद करेगी। आगामी ग्राम पंचायत चुनाव में ईमानदार एंव निर्भीक ग्राम प्रधान चुनने कि भी अपील की।गौरतलब है कि भारत परिषद भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन करता रहा है परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश एवं राज्यपाल के विधि सलाहकार चन्द्र भूषण पाण्डेय है। प्रेस वार्ता में परिषद के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष सुनील राठी, बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष चंचल चौधरी, मेरठ मंडल अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, के अलावा ईश्वर दयाल शमा,मांगे राम वशिष्ठ महेन्द्र प्रताप, दिक्षित प्रमोद राठी, आर सी कौशिक एवं देवेन्द्र सिसोदिया आदि उपस्थित रहें।----------------

# सीनियर प्रदेश स्तरीय खो खो महिला व पुरुष टीम चयन में भाग लेंगे 75 ज़िलों के 200 से अधिक खिलाड़ी-डॉ.अरुण

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 57 वी सीनियर नेशनल पुरुष व महिला खो खो प्रतियोगिता जो पुरी उड़ीसा में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित होगी उसके लिए सीनियर राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम महिला व पुरुष का चयन, ट्रायल ,कैंप दिन रविवार 23 मार्च को गाजियाबाद के देहरादून पब्लिक स्कूल मधुबन में सुबह 8:30 बजे आयोजित किया जाएगा. यह जानकारी खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा उत्तर प्रदेश खो खो चयन समिति के मुख्य पर्यवेक्षक बनाए गए डॉ. अरुण त्यागी ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा की चयनित खिलाड़ीयों के लिए 23 मार्च से 29 मार्च तक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा. उसके बाद टीम पुरी उड़ीसा के लिए रवाना होगी इस अवसर पर देहरादून पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन मृगॅया सिंह प्रधानाचार्य प्रियंका चौधरी जिला अध्यक्ष डाक्टर रिचा सूद, महासचिव डॉ प्रवीण कुमार, भूपेंद्र सिंह, सुनील वशिष्ठ ,नरेंद्र बिल्लू आदि खेल से जुड़े लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महामाया देवी मेले में उचित व्यवस्था की मुख्यमंत्री से की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** महामाया देवी सीकरी खुर्द मंदिर परिसर चैत्र नवरात्र में लगने वाले पश्चिम उत्तर प्रदेश के विशाल मेले में सुचारू रूप से व्यवस्था कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह गुर्जर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेषित किये एक मांग पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि चैत्र नवरात्रियों में लगने वाले महामाया देवी मेला गांव सीकरीखुर्द में पश्ख्मी उत्तर प्रदेश का विशाल मेला आयोजन हर वर्ष किया जाता है। उन्होंने मांग पत्र में सम्पूर्ण मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, समस्त रास्तों का जीर्णोद्धार, ई-रिक्शा व टेम्पो प्रवेश से प्रतिबंधित किये जाने, पार्किंग व्यवस्था, 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति, मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों से कवर किये जाने, मेला क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की समुचित व्यवस्था की जाने, मेला क्षेत्र को रात्री के समय मेंभी ड्रोन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी सुनिश्चित किये जाने, पेय जल व टायलेट की पूर्ण व्यवस्था किये जाने आदि विभिन्न मांगों को पूर्ण करायें जाने की मांग की है।

# कार्यशाला के अंतर्गत रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा की

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पी. जी. कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग और केरियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा कि अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के अन्तर्गत आज दूसरे दिन सर्वप्रथम डॉ पूनम शर्मा जी, आज कि मुख्य वक्ता श्रीमती अर्चना शर्मा डॉ सारिका गर्ग,डॉ आकांक्षा सारस्वत एवं मिस ऐश्वर्या बहुगुणा ने माँ शारदे के समझ दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।तत्पश्चात कार्यशाला के प्रथम चरण में मुख्य वक्ता ने अर्चना शर्मा ने आर्टिफिशल शेयर बाजार बनवायी। वित्तीय सेवा उद्योगों में रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा की।निवेश सलाहकार या ब्रोकर्स के अधिकृत व्यक्तियों के रूप में स्व-रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूक कराया। कार्यशाला के दूसरे चरण में आपने वित्तीय सेवा उद्योगों में रोजगार के अवसरों के लिए साक्षात्कार का सामना करने के लिए छात्रों को सशक्त बनने की प्रेरणा दी ह्न कार्यशाला की संयोजिका डॉ सारिका गर्ग ने छात्राओं को सामान्य बैंकिंग और निवेश के बीच अंतर को स्पष्ट किया ,निवेश के लिए की जाने वाली बुनियादी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी साथ ही आपने विभिन्न प्रकार के निवेश से अवगत कराया। तत्पश्चात आपने निवेश के जोखिम और सावधानियों से अवगत कराया। कार्यशाला के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.पूनम शर्मा ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न देकर आभार प्रकट किया।साथ ही सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया ह्न कार्यशाला को सफर बनाने डॉ आकांक्षा सारस्वत, मिस ऐश्वर्या बहुगुणा. मिस मंजू फरा और ज्योति का विशेष योगदान रहा।

# विशाल वैवाहिक सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम 13 अप्रैल मेरठ में होगा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश पश्चिम के तत्वावधान में विशाल वैवाहिक सम्मेलन का आयोजन 13 अप्रैल मेरठ में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष ए.के. जौहरी, प्रान्तीय अध्यक्ष, व कार्यक्रम संयोजक शचिन्द्र मोहन भटनागर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष दयाशंकर सक्सेना ने बताया कि विशाल वैवाहिक सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम अतिथि बैंकट एण्ड फार्म्स, रजबन मेरठ कैन्ट में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें गाजियाबाद सहित उत्तर प्रदेश पश्चिम के सभी जिले शामिल हैं उत्तर प्रदेश पश्चिम के समस्त जनपदों के चित्रांश बन्धुओं से निवेदन है कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार मेरठ में समस्त चित्रांश सभाओं के सहयोग से विशाल वैवाहिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त दिवस को संग्रहित वैवाहिक बायोडाटा की पत्रिका प्रकाशित की जायेगी। आप भी अपनी आवश्यकतानुसार वैवाहिक बायोडाटा फार्म भरकर समय से भिजवायें ताकि उसका भी वैवाहिक पत्रिका में प्रकाशन हो सके। साथ ही उक्त दिवस को आप भी अपने पुत्र/पुत्री सहित परिचय देने हेतु सम्मेलन में भाग लेवे। बायोडाटा फार्म अपने जनपद की चित्रांश सभा के अध्यक्ष से प्राप्त करें।

# मिसेज एशिया विजयता सचदेवा स्टार आइकन अवार्ड से सम्मानित



वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** वाराणसी की ख्यातिलब्ध मॉडल मिसेज एशिया विजयता सचदेवा को लखनऊ में शनिवार को आयोजित मलिका एं अवध श्वेता तिवारी द्वारा आयोजित लखनऊ सेलिब्रिटी नाइट प्लास्टिक फ्री इंडिया सोशल अवेयरनेस कार्यक्रम के दौरान स्टार आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। विजयता सचदेवा को यह अवार्ड अभिनेत्री श्रीनू पारीक ने प्रदान किया मिसेज एशिया विजयता सचदेवा देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहती है उन्होंने इस दिशा में कई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की है साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाई है जिसके लिए इन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है पुरस्कार मिलने के बाद मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने कहा कि वह इस पुरस्कार को पाकर गर्व का अनुभव कर रही है। यह पुरस्कार उन्हें प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की मुहिम को और तेज करने की प्रेरणा देगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश अजीत कुमार तिवारी सेलिब्रिटी श्रीनू पारीक मैनेजर अनुपम तिवारी शो डायरेक्टर गर्व तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# रालोद को मजबूत करने के लिए गांव-देहात में बैठक आयोजित की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह के निर्देश पर रालोद के जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने संगठन को मजबूत करने के लिए कई गांवों में बैठके की आयोजित गई। गांव सैदपुर में कृष्ण चैंपियन, जयवीर सिंह नेहरा,इंद्रपाल सिंह, मंशारण, मुनीजर, मनोज राठी, सूबे सिंह, अमित, श्योराज राठी, अय्यूबदीन, जितेंद्र, इंद्रजीत से संगठन को मजबूत करने की चर्चा की। वहीं दूसरी जगह भोजपुर में रामपाल चौधरी के साथ, कृष्णपाल सिंह प्रमुख, जयवीर सिंह नेहरा, परविंद्र, संजीव पुनिया, कपिल दहिया, आकाश दहिया, महक दहिया, अजित सिंह, बबलू सिंह, नवीन दहिया, केपी सिंह, चंद्रपाल सिंह डायरेक्टर, बिल्लू दहिया, अमित कुमार, पिंटू चैयरमैन, सहन्सरपाल मालिक, जबर सिंह, आदि की बैठक कर अपने राष्ट्रीय नेता जयन्त सिंह के संदेश को बताया कि रालोद हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। गांव चुड़ियाला में चन्दवीर वरिष्ठ नेता रालोद, रूपेश, मनोज शर्मा, सुंदर, कालू डायरेक्टर, सुरेशपाल, डॉ राजकुमार, अमित प्रधान, अजय मास्टर, सुभाष, गौरव शर्मा, बबलू चौधरी आदि रहे। रामपाल चौधरी ने रालोद के समर्थकों से राय भी ली कि जो पार्टी के लिए काम करेगा, प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देकर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह व स्व. चौ. अजित सिंह के बताए रास्ते पर चलकर जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करें। किसानों, मजदूरों सहित हर वर्ग को साथ लेकर सशक्त भारत के विकास करने का संकल्प लेकर भाईचारे को मजबूत करें। रामपाल चौधरी ने कहा कि गांवों में आय दिन पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने विधायक को भेंट किया वार्षिक पंचांग



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बरेली की टीम ने बिथरी चैनपुर, के मृदुभाषी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा से भेट कर उन्हें अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का पचांग भेंट किया। संगठन के द्वारा उनके समक्ष शिक्षकों की कुछ समस्याओं को रखा गया, जिसका विधायक द्वारा जल्द हल निकालने का आश्वासन दिया गया, एवं संगठनात्मक चर्चा भी की गई। भेट करने वालों में जिला महामंत्री विनोद कुमार, जिला कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय, मझगवां ब्लॉक के अध्यक्ष विवेक वर्मा, बिथरी ब्लॉक के अध्यक्ष अरविंद चौधरी, फरीदपुर ब्लॉक के अध्यक्ष अतुल सिंह, बिथरी ब्लॉक के उपाध्यक्ष अनिल कुमार, क्यारा ब्लॉक के उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र गंगवार, फतेहगंज पश्चिमी के सहसंयोजक आलोक गंगवार, अवनीत सिंह एवं प्रदीप मथुरिया के साथ तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गौवंश से भरा मिनी ट्रक देख हिन्दू संगठनों के लोग भड़के, गौतश्करी किये जाने का लगाया आरोप

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ।** थानाक्षेत्र के रैपिड के नार्थ स्टेशन समीप गौवंश से भरा मिनी ट्रक देख हिन्दू संगठनों के लोग भड़क उठे। पुलिस के सामने ही तथाकथित गौशाला संचालक को पीटकर घायल कर दिया ओर सड़क जाम कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की मांग कर डाली। घंटो चले हंगामे के बीच पुलिस ने चालक व तथाकथित गौशाला संचालक को हिरासत मे ले लिया। तब जाकर मामला शांत हुआ। बुधवार की दोपहर जब एक मिनी ट्रक में तीन गाय व दो उनके बछड़े गौवंश भरकर मेरठ की ओर ले जाया जा रहा था। तभी उसका पीछा करते हुयें बजरंग दल के पदाधिकारी मधुर नेहरा,हिंदू जागरण मंच के पंकज कंसल उनके सैकडो समर्थको ने रैपिड स्टेशन देवेंद्रपुरी पर उसे रोक लिया। ओर गौतश्करी किये जाने का एक हिदूं युवक पर आरोप लगाते हुये हंगामा खड़ा कर दिया। इस बीच पुलिस को सूचना लग गयी। पुलिस ने हिंदू संगठनों को समझाने की कोशिश की तो संगठनो के लोगो ने कहा कि पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से तथाकथित गौशाला संचालक पौरूष त्यागी नाम का व्यक्ति काफी समय से गौतश्करी कर रहा हैं। संगठनो के लोगो ने इस बीच मिनी ट्रक के चालक से वाहन की जानकारी ली तो पता चला कि उसके द्वारा बताया गया कि यह पालिका का वाहन है,ओर वह इन गौवंशो को कादराबाद स्थित गौवंश स्थल पर ले जा रहा हैं। लेकिन उसका यह दिया गया ब्यान जांच में झूठा निकल गया। वहाँ मौजूद पालिकाकर्मियो ने ही इसे झूठा करार दिया। इस बीच तथाकथित गौशाला संचालक पौरूष त्यागी अपने समर्थको संग पहुंच गया। हिंदू संगठन उसे देख आग बबूला हो गये। वे गौवंश संचालक की पुलिस की मौजूदगी मे ही हिदूं संगठन के लोगो ने जमकर धुनाई कर दी। ओर उसके विरूद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर हिंदू संगठनों के लोगों ने सड़क तक जाम कर दी। हिंदूवादी नेता पंकज कंसल ने आत्मदाह करने की धमकी दे डाली,एसीपी ज्ञानप्रकाश राय,एसएचओ प्रशांत त्यागी आदि ने चालक व तथाकथित गौशाला संचालक पौरूष त्यागी को हिरासत में ले लिया। ओर कार्यवाही का आश्वासन दिया।





# शिकायतों का गुणत्तापरक निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता को कराए अवगत: अभिनव गोपाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान हितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र ने गत किसान दिवस के दौरान दर्ज की गई शिकायतों के अनुपालन की विस्तृत रिपोर्ट किसानों के समक्ष प्रस्तुत की। कई शिकायतों के समाधान पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया, जबकि कुछ लंबित शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन विजेंद्र सिंह ने ग्राम महरौली में लगने वाले जाम की समस्या को उठाते हुए समाधान की मांग की। वहीं, जिला पंचायत सदस्य अमित त्यागी ने चकभोला रजवाहे पर सिल्ट की सफाई के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। इसके अलावा, अन्य किसानों ने भी सिंचाई, सड़क, बिजली और अन्य समस्याओं से संबंधित कुल 20 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों में गुंजा सिंह (ओएसडी, जीडीए), राजकुमार (ईई, आईसीडी), सुनील कुमार (मंडी सचिव), विकास कुमार (पीपीओ), उमेश कुमार (एसी सहकारिता), डॉ. एपी पांडेय (सीवीओ), रवि कुमार (तहसीलदार, जीडीए) और निधि सिंह (डीएचओ) सहित सेतु निगम, गन्ना विभाग, मत्स्य विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, मंडी समिति और नगर निगम के अधिकारी/प्रतिनिधि मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष जताया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा। इस किसान दिवस में लगभग 80 किसानों ने भाग लिया। बैठक में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सचिव चौधरी ओमपाल सिंह, युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी और जिला उपाध्यक्ष पवन चौधरी सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

# बम्हैटा के किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर उठाने का कांग्रेसियों ने दिया आश्वासन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एनएच-24 पर स्थित वेव सिटी बिल्डर द्वारा किसानों की जमीन पर कब्जा करने और इसके बदले कोई मुआवजा न देने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा सामने आई हैं। डॉली शर्मा ने किसानों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस बम्हैटा के किसानों की इस समस्या को राष्ट्रीय मंच पर ले जाएगी और उनके हक के लिए एक विशेष अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि वेव सिटी बिल्डर द्वारा उनकी जमीन छीनकर उन्हें बेसहारा छोड ?ा और मुआवजा तक न देना एक जघन्य अपराध है। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ इस अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी है। हम उनकी जमीन और सम्मान की रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता का कहना है कि किसान हमारे देश का गौरव हैं। उनकी जमीन उनकी आजीविका का आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को जोर-शोर से उठाएगी और केंद्र व राज्य सरकारों से मांग करेगी कि बम्हेटा के किसानों को तुरंत न्याय और उनका हक दिया जाए। साथ ही वेव सिटी बिल्डर से अपील की कि वह किसानों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों को पूरा करे और उनकी जमीन के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करे। किसानों का आरोप है कि वेव सिटी बिल्डर ने उनकी पुश्तैनी जमीन को अनुचित तरीके से हड़प लिया है और इसके एवज में उन्हें न तो उचित मुआवजा दिया गया है और न ही उनकी बात सुनी जा रही है। इस अन्याय के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों को अब उम्मीद की किरण दिखाई दी है।

# ई रिक्शा की बैटरी फटने से परिवार के चार लोग झुलसे



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विजय नगर में बैटरी फटने से एक ही परिवार के चार लोग जल गए है। झुलसी हालत में चारों लोगों को जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है।चारों का इलाज किया जा रहा है। हाथ, पैर के अलावा चेहरा भी झुलस गया है। सीएमएस डॉक्टर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह को विजयनगर के सर्वोदय नगर में रहने वाले बॉबी और उसकी पत्नी बेबी, बेटा विवेक और बेटी बिना को जली हुई हालत में भर्ती कराया गया है। घटना ई-रिक्शा की बैटरी फटने से हुई है। बैटरी चार्ज करते समय अचानक हादसा हुआ है। विजयनगर क्षेत्र की सर्वोदय कालोनी निवासी बोबी (37) के घर में बुधवार की सुबह तेज धमाके के साथ बैटरी फट गई। कमरे में मौजूद बोबी व उनकी पत्नी बेबी (35), बेटा विवेक (8) और बेटी परी (5) के ऊपर बैटरी का तेजाब गिरने से झुलस गए। आसपास के लोगों ने दंपती और बच्चों को एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बच्ची परी की हालत नाजुक होने पर चारों को दिल्ली रेफर कर दिया गया है।

# मयंक गोयल ने भाजपा महानगर अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बुधवार को नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय पर विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर उन्होंने परिवार सहित पूजा-अर्चना की और हवन कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया और निवर्तमान महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने उन्हें महानगर अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाकर लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस दौरान कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यभार ग्रहण के दौरान भाजपा की महिला कार्यकताओं ने मयंक गोयल का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि,



गाजियाबाद से मेरा विशेष नाता है। मैं क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने से पहले यहां महानगर प्रभारी के रूप में काम कर चुका हूं। गाजियाबाद के कार्यकताओं की हर जनपद में तारीफ होती है। यहां के कार्यकर्ता पार्टी की असली पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि मयंक गोयल संगठन में पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करते रहे हैं और इसी का परिणाम है कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने संबोधन में कहा, पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। सभी कार्यकताओं को साथ लेकर चलूंगा और उन्हें कभी निराश नहीं करूंगा। कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा। महानगर कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, मेयर सुनीता दयाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद तोमर, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, कृषक समाज नेता कृष्ण वीर चौधरी, डॉ. वीरेश्वर त्यागी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने मयंक गोयल को बधाई दी और उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन को और मजबूत करने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम का समापन मयंक गोयल द्वारा सभी का आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# अवैध कोडीनयुक्त फेन्सीडील कफ सीरप बेचने वाले को पुलिस ने दबोचा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना कौशाम्बी पुलिस ने सूचना के आधार पर अवैध कोडीनयुक्त फेन्सीडील कफ सीरप बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व इस गिरोह के तीन सदस्य को पुलिस दो साल पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। उनके कब्जे से प्रतिबंधित 15 हजार बोतल भी बरामद की गई थी। एसीपी ने बताया 29 नवंबर 2023 को पुलिस टीम द्वारा सरफराज अहमद, युसुफ खान उर्फ गुड्डू व तुफैल चौधरी के कब्जे से प्रतिबन्धित 15,000 बोतल (140 कारटून व 5 प्लास्टिक के कट्टे) कोडीनयुक्त फेन्सीडिल कफ सीरप, 5 मोबाइल फोन, 2 आधार कार्ड, 2 पैन कार्ड, 2 ड्राइविंग लाइसेंस व 2 वाहन(कार व कैन्टर) बरामद किए थे। उक्त घटना में जाँच करने पर प्रकाश में आये फरार अभियुक्त मुशर्रफ खान पुत्र रूस्तम खान मोहल्ला कायस्थान सादात पश्चिमी, थाना कुन्दरकी, जिला मुरादाबाद उम्र करीब 40 वर्ष को आज 19 मार्च को थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर आनन्द बिहार बॉर्डर बैरियर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मुशर्रफ खान पुत्र रूस्तम खान उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त मुशर्रफ खान पुत्र रूस्तम खान उपरोक्त से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में कि कैन्टर मुशरर्फ खान पुत्र रूस्तम खान निवासी शादात पश्चिमी टाऊन, कुन्दरकी, मुरादाबाद की है, जोकि फेन्सीडिल सप्लाई करने की एवज में पचास हजार रुपए प्रतिमाह लेता था और वह जरूरत पड? पर इस अवैध व्यापार में आर्थिक मदद भी करता था। पूर्व में पकड़े गए तीनों अभियुक्तों द्वारा बताया गया था कि उक्त औषधि से सम्बन्धित क्रय-विक्रय बिल व सम्बन्धित औषधि लाइसेन्स के बारे न तो कोई क्रय-विक्रय बिल हैं ना ही कोई लाइसेन्स है।

# छात्रा की एआई से न्यूड तस्वीर बना किया वायरल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन में एक नया शर्मनाक मामला सामने आया है। एक स्कूल की 10वीं क्लास की छात्रा की नग्न तस्वीर एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से बनाकर इंस्टाग्राम पर डालकर छात्रा के फ्रेंड्स को भेज दी। शर्मशार हुई छात्रा सदमे में है और उसने स्कूल जाना छोड़ दिया है। थाना पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। उधर एक युवती से जिम में छेड़छाड़ का मामला शालीमार गार्डन पुलिस ने दर्ज कर लिया है। थाना शालीमार गार्डन पुलिस को 12 मार्च को दी तहरीर में कहा कि शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 2 निवासी 10वीं क्लास में मोहननगर स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। छात्रा ने कहा कि मेरी अनुचित तस्वीरें बनाने के लिए एडिटिंग टूल या किसी अन्य एआई की तकनीकी का इस्तेमाल किया है। यह तस्वीर मेरे द्वारा नहीं ली गई है या मेरी सहमति से नहीं बनाई गई है। जिस व्यक्ति ने यह तस्वीर बनाई है और उन्हें मेरे दोस्त के साथ शेयर किया है। इससे मुझे परेशानी और शर्मिंदगी हो रही है। मैं स्कूल भी नहीं जा पा रही हूं। यह पहली घटना 10 फरवरी को हुई और दूसरी तस्वीर जो पूरी तरह से नग्न तस्वीर 14 फरवरी को बनाई गई थी। इंस्टा आईडी से मेरी तस्वीर शेयर की जा रही है। थाना प्रभारी शालीमार गार्डन में 18 मार्च दी तहरीर में एक महिला ने कहा कि में फिटनेस प्लस जिम शालीमार गार्डन गई थी। मेर पहला ही दिन था, कि जिम वालो मे से ही एक व्यक्ति मुझे जिम वाले ऑफिस में ले गया उसके बाद उसने दरवाजा अंदर से बन्द कर दिया।

# 22 मार्च से गाजियाबाद टू जम्मू उड़ेगी फ्लाइट

**गाजियाबाद।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए अब एयर इंडिया एक्सप्रेस की तरफ से 22 मार्च से हिंडन एयरपोर्ट से जम्मू की फ्लाइट शुरू हो रही है। जम्मू से कटरा की यह उड़ान महज एक घंटे की होगी। ऐसे में अब लोगों को वैष्णों देवी जाने के लिए दो दिन या तीन दिन की छुट्टी लेने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। हिंडन से जम्मू की फ्लाइट सुबह 9:45 पर हिंडन से शुरू होगी जो जम्मू एयरपोर्ट पर सुबह 11:20 बजे पहुंचाएगी। अभी तक यह सुविधा केवल दिल्ली एयरपोर्ट से ही लोगों को मिल रही थी। जबकि जम्मू से हिंडन की फ्लाइट दोपहर 1 बजे की होगी जो दोपहर 2:30 पर हिंडन पहुंचाएगी। हिंडन से जम्मू की फ्लाइट शनिवार को छोड़कर रोजाना उपलब्ध होगी। ठीक इसी तरह से जम्मू से हिंडन की भी फ्लाइट शनिवार को छोड़कर रोजाना पैसेंजर्स के लिए उपलब्ध होगी। इसके अलावा 22 मार्च को गाजियाबाद से चेन्नई की भी फ्लाइट शुरू हो रही है।

# गाजियाबाद के महंत गिरिशानंद गिरि बने श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सचिव

वेलकम इंडिया

**बनारस/गाजियाबाद।** काशी विश्वनाथ में श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े की ओर से गाजियाबाद स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ देवी मंदिर एवं श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर से जुड़े हुए महंत गिरिशानंद गिरि जी महाराज को श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का अंतरराष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि के आशीर्वाद से की गई है। गिरिशानंद गिरि की इस नियुक्ति की घोषणा श्रीमहंत हरि गिरि के आशीर्वाद और जूना अखाड़े के वरिष्ठ सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज एवं श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत



नारायण गिरि की सर्वसम्मति से की गई। उनके नाम की पुकार के बाद उन्हें वाराणसी स्थित जूना अखाड़े का अंतरराष्ट्रीय सचिव घोषित किया गया। एस.आर. सुथार (मीडिया प्रभारी, श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर) ने बताया कि महंत गिरिशानंद गिरि जी श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि जी के शिष्य हैं। वे वर्तमान में गाजियाबाद स्थित देवी मंदिर के महंत भी हैं और अपने गुरु के बताए मार्ग पर चलकर सनातन धर्म की रक्षा व इसे मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं को विश्व स्तर पर प्रचारित और प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी कारण उन्हें इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय सचिव नियुक्त होने के अवसर पर जूना अखाड़े के साधु-संतों, महात्माओं और भक्तों ने महंत गिरिशानंद गिरि को माला और शॉल पहनाकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महंत गिरिशानंद गिरि ने सभी भक्तों और संतों को साधुवाद दिया और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया। गिरिशानंद गिरि की इस नियुक्ति से गाजियाबाद सहित पूरे सनातन समाज में हर्ष का माहौल है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो घायल

**गाजियाबाद।** थाना ट्रॉनिका सिटी इलाके में पुलिस ने इलाके से मोबाइल लूट की वारदातें करने वाले बाइक सवार बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए जबकि तीसरे को भी दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों से छह मोबाइल फोन्स, तमंचे और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। मंगलवार को देर रात थाना ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने ठोकर नम्बर 8 पुस्ता रोड के पास चैकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाशों को रोका। पुलिस को देखकर बाइक से भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों की बाइक फिसल गई। पीछा कर रही पुलिस ने पकड़े की कोशिश की तो पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दी। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से घायल हुए बदमाशों ने अपने नाम आफताब पुत्र अली अहमद निवासी कासिम विहार थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद और राशिद पुत्र सुलेमान निवासी खुशहाल पार्क ट्रोनिका सिटी बताए।

# इंडोनेशियन डेलीगेशन ने उचित दर दुकान का किया निरीक्षण, राशन वितरण प्रणाली से हुए प्रभावित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंडोनेशिया से आए 11 सदस्यीय डेलीगेशन ने बुधवार को गाजियाबाद स्थित उचित दर विक्रेता मै0 चमन प्रकाश की दुकान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण प्रणाली का लाइव डेमोंस्ट्रेशन देखा और इसकी सराहना की। उचित दर दुकान पर आपूर्ति विभाग के जिला पूर्ति अधिकारी श्री अमित कुमार तिवारी और अन्य स्टाफ ने इंडोनेशियन डेलीगेशन का गर्मजोशी से स्वागत किया। डेलीगेशन ने कांशीराम कॉलोनी, सिद्धार्थ विहार स्थित उचित दर विक्रेता की दुकान पर राशन कार्ड लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण और आईरिस स्कैनर के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान ई-पॉस मशीन के माध्यम से राशन वितरण का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी दिखाया गया।



# जीडीए ने मोदीनगर में 10 बीघा में हो रही अवैध प्लॉटिंग पर की बड़ी कार्रवाई, सड़क और बाउंड्रीवॉल ध्वस्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने मोदीनगर के ग्राम अबूपुर में 10 बीघा क्षेत्रफल में हो रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनाई जा रही सड़क, बाउंड्रीवॉल, साइट ऑफिस और अन्य निर्माण कार्यों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, अरुण कुमार उर्फ मांगे राम (पुत्र स्व. ब्रह्मपाल), हिमांशु (पुत्र स्व. जय कुमार) और अनुज चौधरी (पुत्र स्व. जयपाल सिंह) द्वारा खसरा संख्या-592, ग्राम अबूपुर, मोदीनगर, आईटीआई के बगल में अवैध रूप से प्लॉटिंग की जा रही थी। यहां लगभग 10 बीघा भूमि पर मिट्टी भराई कर सड़क और खड़ंजा लगाने का कार्य चल रहा था। सूचना मिलने पर जीडीए प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी।